

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025


संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 2 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 58 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ राहुल की प्रेस कांफ्रेंस यानी बिहार में हार की पेशबंदी

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी बनेंगी अगली नागिन,2016 का याद किया गया वह पल ◀◀ 6

# पेड़ से लटका मिला नाबालिग युवती का सिर जमीन पर पड़े थे धड़ के टुकड़े, मचा हड़कंप

## हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**दुमकाः** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक नाबालिग युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अचानक घर से गायब हो गई थी नाबालिग युवतीः मामला जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव का है। बताया जा रहा है कि 27 अक्टूबर को 17 वर्षीय नाबालिग युवती अचानक घर से गायब हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी इसी थाने के बरहेट गांव के दिलखुश पासवान से मोबाइल पर अक्सर बात किया करती थी । जिससे शक था कि उस युवक ने ही उनकी बेटी को कहीं भगा ले गया है। वहीं, जब से ही पुलिस युवती की तलाश कर रही थी।

पेड़ से लटका मिला नाबालिग युवती का सिर : इसी बीच बीते गुरुवार को नाबालिग लड़की का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। मृतका का सिर पेड़ से लटका मिला और अलग हिस्सों में उसका धड़ जमीन पर पड़ा मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संभावना जताई जा रही है कि नाबालिग लड़की की बेरहमी से हत्या हुई है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का पता चलेगा।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें लेट तकनीकी समस्या से परेशान हुए मुसाफिर

**नई दिल्लीः** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को तकनीकी समस्या के कारण पूर्वाह्न 11 बजे तक 100 से अधिक उड़ानों की रवानगी में देरी हुई, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि ऑटोमेटिक मैसेजिंग स्विच सिस्टम (एएमएसएस) में तकनीकी समस्या के कारण उड़ानों में देरी हो रही है।

यह सिस्टम एयर ट्रैफिक कंट्रोल डाटा को समर्थन प्रदान करता है और हवाई यातायात के स्वचालित नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एएआई ने बताया कि फिलहाल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर मैन्युअली फ्लाइट प्लान को प्रोसेस कर रहे हैं और सिस्टम को ठीक करने की कोशिश की जा रही है। हवाई अड्डे पर सुबह




से ही यह समस्या आ रही थी। कई बोर्डिंग गेट पर यात्री संबंधित एयरलाइंस के कर्मचारियों से बहस करते और परेशान दिखे। एयरपोर्ट की संचालक कंपनी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने एक बयान में बताया यात्रियों को उड़ान की अद्यतन स्थित के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी है। कई विमान सेवा कंपनियों ने काफी देर से बोर्डिंग गेट पर अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था की है।

### आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, कहा

# स्कूल, कॉलेज, अस्पताल से हटाएं आवारा कुत्ते

## नसबंदी करके शेल्टर होम में रखें, जहां से पकड़ें वहीं न छोड़ें



**नई दिल्ली :** देशभर में आवारा कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा आदेश सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों (पब्लिक प्लेस), विशेषकर सरकारी संस्थानों से हटाया जाए। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजरिया की बेंच ने आवारा कुत्तों पर चल रहे एक स्वतः संज्ञान मामले में यह आदेश दिया है।

8 हफ्तों के भीतर संस्थान करें डॉग-फ्रीः कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को दो हफ्तों के अंदर जिला अस्पतालों, सार्वजनिक खेल परिसरों (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स), रेलवे स्टेशनों सहित सभी सरकारी संस्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया है। इसके बाद, इन संस्थानों को आठ हफ्तों के भीतर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए जरूरत के मुताबिक चारदीवारी लगाकर सुरक्षित किया जाना है।

स्थानीय निकायों को पकड़ने की जिम्मेदारीः सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन चिन्हित जगहों से आवारा कुत्तों को पकड़ने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों (जैसे नगर निगम, नगर परिषद आदि) की होगी।

पकड़ने के बाद वापस नहीं छोड़ सकतेः अदालत ने अपने आदेश में सबसे अहम बात यह कही कि पकड़े गए कुत्तों का क्या करना है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि स्थानीय निकाय इन कुत्तों को पकड़कर उनका टीकाकरण और नसबंदी करने के बाद उन्हें तय किए गए डॉग शेल्टर में रखें।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा, जिन जगहों से कुत्तों को पकड़ा गया है, उन्हें दोबारा वहीं नहीं छोड़ा जाए, क्योंकि ऐसा करने से इन संस्थानों को कुत्तों से मुक्त करने का मकसद ही खत्म हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, कोर्ट ने यह भी कहा कि स्थानीय निकाय समय-समय पर जांच करें ताकि यह यकीनी बनाया जा सके कि इन जगहों पर फिर से आवारा कुत्ते ना बसने लगें।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा एलान

# 'पीएम मोदी एक महान व्यक्ति हैं , जल्द करूंगा भारत का दौरा'

**एजेंसी/वॉशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है। मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे... प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रंप ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही



है। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारीः हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चचाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे।

भारत-रूस तेल व्यापार पर ट्रंप का दावाः ट्रंप ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रंप इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दशार्या। ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा, अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। यह सब टैरिफ की वजह से हुआ- ट्रंपः अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने आठ युद्ध खत्म कराए, जिनमें से पांच से छह केवल टैरिफ (आर्थिक प्रतिबंधों) की वजह से रुके। ट्रंप ने कहा अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे आपस में लड़ने लगे थे। दोनों परमाणु हथियार वाले देश हैं... उस समय आठ विमान गिराए गए थे। तब मैंने दोनों से कहा, अगर तुम लोग लड़ाई जारी रखोगे, तो मैं तुम पर टैरिफ लगा दूंगा। वे इस बात से खुश नहीं थे, लेकिन 24 घंटे के भीतर मैंने वह युद्ध खत्म करा दिया। ट्रंप ने आगे कहा अगर मेरे पास टैरिफ का विकल्प नहीं होता, तो मैं यह युद्ध नहीं रोक पाता।

# हम दिखाते रहेंगे कि मोदी चुनाव चोरी करके पीएम बने ईसी के दावे खारिज करने पर बोले राहुल गांधी




**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने दावों को चुनाव आयोग द्वारा खारिज किए जाने के बाद भी अपने आरोपों को दोहराया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि वे चुनाव आयोग की कथित गड़बड़ियों को उजागर करना जारी रखेंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वे देश के युवाओं (जेन जी) को बताएंगे कि कैसे पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव की चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल गांधी ने कहा, हमारी प्रक्रिया रुकी नहीं है और यह जारी है।

राहुल गांधी ने अपने आरोपों को दोहराते हुए कहा, सिंपल सी बात है। मैंने प्रजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा का जो चुनाव है, वह इलेक्शन ही नहीं था। वह होलसेल चोरी थी। मैंने जो आरोप लगाए थे, उन पर कोई जवाब नहीं आया। चुनाव आयोग और भाजपा से कोई जवाब नहीं आया, लेकिन मैंने जो कहा है, उसे नकारा भी नहीं गया।

उन्होंने आगे आरोप लगाया, सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और इलेक्शन कमिशन मिलकर संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं। संविधान कहता है कि वन मैन, वन वोट। हरियाणा में तो ऐसा हुआ ही नहीं।

हरियाणा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, वहां तो ब्राजील की महिला के नाम की वोटर आईडी बनी। एक बूथ पर 200 वोटर कार्ड्स में एक ही महिला की तस्वीर दिखी। राहुल गांधी ने कहा कि यह जवाब नहीं मिला कि आखिर ब्राजील की महिला की तस्वीर उस वोटर आईडी में कैसे है।

बिहार में वोटिंग प्रतिशत बढ़ने पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा, हमारे पास बहुत सारी चीजें हैं। हमारी प्रक्रिया चलती रहेगी। हम जेन जी को दिखाते रहेंगे कि नरेंद्र मोदी चुनाव चोरी करके पीएम बने हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जैसा हरियाणा में हुआ, वैसा ही बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में भी हुआ था।

### राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर पीएम ने कहा-

# 1937 में विभाजन के बीज बोए गए,वही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती

## एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का किया शुभारंभ

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है, और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।



गुलामी के कालखंड 'वंदे मातरम्' आजादी का गीत बनाः इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'गुलामी के उस कालखंड में वंदे मातरम् इस संकल्प का उद्घोष बन गया था और वह उद्घोष था- भारत की आजादी का, मां भारती के हाथों से गुलामी की बेड़िया टूटेगी और उसकी संतानें स्वयं अपने भाग्य की भाग्य विधाता बनेगी।' उन्होंने आगे कहा 'गुलामी के कालखंड में जिस तरह अंग्रेज भारत को नीचा और पिछड़ा बताकर अपने शासन को सही ठहराते थे, इस पहली पंक्ति ने उस दुष्प्रचार को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इसलिए, 'वंदे मातरम्' न केवल आजादी का गीत बना, बल्कि 'वंदे मातरम्' ने करोड़ों देशवासियों के सामने स्वतंत्र भारत कैसा होगा, वह 'सुजलाम सुफलाम' सपना भी प्रस्तुत किया।'

'आतंक के विनाश के लिए दुर्गा भी बनना जानता है भारत': इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, '1927 में महात्मा गांधी ने कहा था 'वंदे मातरम्' हमारे सामने पूरे भारत की एक ऐसी तस्वीर प्रस्तुत करता है जो अखंड है... हमारे राष्ट्रीय ध्वज में समय के साथ कई बदलाव हुए हैं, लेकिन तब से लेकर आज तक, जब भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, तो 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' स्वतः ही हमारे मुंह से निकलता है।' पीएम मोदी ने आगे कहा कि 'बीते वर्षों में दुनिया ने भारत के इसी स्वरूप का उदय देखा है। हमने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं और जब दुश्मन ने आतंकवाद के माध्यम से भारत की सुरक्षा और सम्मान पर प्रहार करने का दुस्साहस किया, तो पूरी दुनिया ने देखा कि नया भारत अगर मानवता की सेवा के लिए कमला और विमला का स्वरूप है, तो आतंकवाद के विनाश के लिए 10 प्रहर धारिणी दुर्गा बनना भी जानता है।'

विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौतीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आजादी की लड़ाई में 'वंदे मातरम्' की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इसकी आत्मा का एक हिस्सा, 'वंदे मातरम्' के महत्वपूर्ण पदों को अलग कर दिया गया। 'वंदे मातरम्' को खंडित किया गया, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। 'वंदे मातरम्' के इसी विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बोए... आज की पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि यह अन्याय क्यों हुआ, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है।'

# विक्की कौशल बने पिता, कैटरीना ने बेटे को दिया जन्म

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने अपने जीवन में एक नए अध्याय की शुरूआत की है क्योंकि वे एक नन्हे मेहमान के माता-पिता बन गए हैं। इस जोड़े ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी साझा की और अपने नन्हे मेहमान के आगमन की घोषणा की।

शुक्रवार को, इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के जरिए अपने नन्हे मेहमान के आगमन की घोषणा की। इस नोट में लिखा था, हमारी खुशियों की सौगात आ गई है। अपार प्रेम और कृतज्ञता के साथ, हम अपने नन्हे मेहमान का स्वागत करते हैं। नोट में लिखा था कि बच्चे का जन्म आज हुआ है और अंत में दोनों माता-पिता ने हस्ताक्षर किए थे। कैटरीना और विक्की द्वारा अपने नन्हे मेहमान के आगमन की खबर साझा करने के लिए पोस्ट किए गए कार्ड में एक मुलायम डिजाइन है, जिस पर क्रीम और नीले रंग की धारीदार बॉर्डर और एक नाजुक स्कैलप्ड किनारा है। ऊपर, एक नीले रंग की बेबी कैरिज में बैठे एक टेडी बियर का मनमोहक चित्र है, जिसके चारों ओर सितारे, खिलौने और छोटे उपहार बॉक्स हैं। इस जोड़े ने एक साधारण कैप्शन, ₹धन्यर₹ के साथ नोट पोस्ट किया। 23 सितंबर को, दोनों ने घोषणा की कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, और इसे हमारे जीवन का सबसे अच्छा अध्याय कहा। एक भावुक नोट में, जोड़े ने लिखा, खुशी और कृतज्ञता से भरे दिलों के साथ अपने जीवन के सबसे अच्छे अध्याय की शुरूआत करने जा रहे हैं।

## समाचार सार



### लोहरा समाज को प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**खूंटी:** ग्राम पंचायत भण्ड्रा के प्रांगण में एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य भण्ड्रा पंचायत के सभी गाँवों की लोहरा जाति के लोगों को उनका प्रमाण पत्र निर्गत करना था। यह बैठक खूंटी प्रखंड संगठन के सचिव धुमेश लोहरा की देखरेख में आयोजित की गई, जिसमें प्रवेक्षक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। सभा में ग्राम के मुखिया, विभिन्न वार्ड सदस्यों तथा खूंटी प्रखंड समिति के अनेक पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोहरा समाज के केन्द्रीय संयोजक मंडली सदस्य बाबा रामशरण तिर्की, अड़की के कार्यकारी जिला अध्यक्ष मोहन राम लोहरा, अड़की प्रखंड अध्यक्ष बलराम लोहरा तथा पंचायत अध्यक्ष बलुराम उपस्थित थे। इसके अलावा खूँटी प्रखंड सचिव सुवमा संगा, कार्यकारणी सदस्य एवं उपपाध्यक्ष होमन लोहरा, रूपानी संगा, खूँटी रिया संगा तथा पंचायत सदस्य अदरमनी देवी भादि ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रवेक्षक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सभा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान लोहरा समुदाय के सदस्यों को उनके जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस कदम से समाज के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

### उग्रवाद पीड़ितों के आश्रितों को राहत देने को लेकर समिति की बैठक



**खूंटी :** उग्रवादी हिंसा में मारे गए लोगों के आश्रितों को अनुग्रह-अनुदान और सरकारी नौकरी प्रदान करने संबंधी मामलों की समीक्षा के लिए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक गुरुवार को उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान, समिति ने इस श्रेणी के कुल आठ मामलों की विस्तृत जांच की। जाँच में दो आवेदकों के दस्तावेज पूर्ण और संतोषजनक पाए गए। समिति ने इन दोनों आश्रितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए उनके मामलों को संबंधित विभागों को भेजने की अनुशंसा की।

शेष मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के अभाव के चलते संबंधित आश्रितों से आवश्यक कागजात जुटाने के लिए पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह सहित जिले के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न तीन मामलों में नियुक्ति की सिफारिश



**खूंटी :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आर रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल सात मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान, समिति ने सभी सात मामलों में आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों का गहन अध्ययन किया। समीक्षा के उपरांत, तीन मामलों में सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण पाए गए। इन मामलों में, योग्यता एवं विभागीय निदेशों के आधार पर, ग्रेड-111 एवं ग्रेड- lवी के पदों - जैसे निम्नवर्गीय लिपिक और आदेशपाल के पदों पर नियुक्ति हेतु समिति ने अनुशंसा की है। वहीं, शेष चार मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के अभाव के कारण, संबंधित विभागों से इन दस्तावेजों को उपलब्ध कराने हेतु पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में परियोजना निदेशक आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी-सह-जिला स्थापना उप समाहर्ता डॉ शिशिर कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप में छात्रों को किया गया सम्मानित



**चतरा:** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा राज्य के माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए आईसीटी चैम्पियनशिप झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज में प्रखंड स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप 2025 के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत परीक्षा लिया गया। प्रखंड क्षेत्र में विद्यालय स्तर पर नौवीं-दशमी कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस परीक्षा में चयनित छात्राओं को जिला स्तर पर आईसीटी चैंपियनशिप भाग लेने का मौका मिलेगा। इस दौरान प्रधानाध्यापक अनूप कुमार,नोडल शिक्षक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार, आईसीटी इंस्ट्रक्टर वीरेंद्र कुमार प्रजापति, कुंदन कुमार, विनय कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह, सुशील कुमार दास, प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक यादव ने अपनी भूमिका निभाई।

# घाटशीला में बड़े अंतर से जीतेगी भाजपाः शुभेंदु अधिकारी



**जमशेदपुरः** घाटशिला उपचुनाव में पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी चुनावी सभा में शामिल हुए। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बिहार में एनडीए को 160 से ज्यादा सीट मिलेंगी और घाटशीला में भाजपा बड़ी मार्जिन से जीतेगी।

पूर्वी सिंघभूम जिले के घाटशीला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में बड़े नेताओं का दौरा जोरों पर है। एक तरफ जहां सत्ताधारी जेएमएम के मंत्री विधायकों ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनता से समर्थन मांग रहे हैं वहीं दूसरी तरफ भाजपा के दूसरे प्रदेश के बड़े नेता अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनता से समर्थन मांग रहे हैं। भाजपा भी घाटशिला उपचुनाव में पूरा दम खम लगा रहीः भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा पूरी तरह दम खम लगा रही है जिसके तहत घाटशिला में पश्चिम बंगाल के फायर ब्रांड एवं विपक्ष के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी चुनावी जनसभा में शामिल हुए। झारखंड में जनता अब बदलाव चाहतीः शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के फायर ब्रांड भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि झारखंड आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां के हालात बंगाल की तरह हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के अधिकांश बड़े नेताओं पर भ्रष्टाचार के मुकदमे दर्ज हैं। कुल 57 मामले जेएमएम और कांग्रेस के खिलाफ दर्ज है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और इस बार घाटशिला में भाजपा की जीत बड़ी मार्जिन के साथ होगी।

वहीं बंगाल पर उन्होंने बताया कि एसआईआर नहीं होने से आम चुनाव नहीं होगा और अप्रैल में बंगाल की वर्तमान सरकार का कार्यकाल पूरा होगा। अगर चुनाव नहीं हुआ और सरकार नहीं बनी तो 4 मई 2026 की रात से राष्ट्रपति शासन स्वतः लागू हो जायेगा।

बिहार में एनडीए को 160 से अधिक सीटें मिलेंगीः शुभेंदु अधिकारी बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के वोट प्रतिशत पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बिहार के साथ बंगाल का संबंध है। बंगाल के कई परिवार जो बिहार में रहते हैं उनके रिश्तेदार बंगाल में है। मेरे राजनैतिक अनुभव के अनुसार बिहार में एनडीए को 160 से अधिक सीटें मिलेंगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल मरीज का इलाज अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड ने किया, लोगों ने उठाए सवाल?



संवाददाता

**खूंटीः** जिले के तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रबंधन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को तोरपा में दो बाइक की टक्कर में एक युवक के घायल होने के बाद, उसके इलाज और ड्रेसिंग का काम अस्पताल के एक सिक्योरिटी गार्ड को करते हुए देखा गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों में गुस्सा और नाराजगी फैला दी है।

घटना की शुरूआत तोरपा के 'टून टून चाय दुकान' के पास हुई, जहाँ दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एंबुलेंस के समय पर न पहुंचने के कारण, मौके पर मौजूद लोगों ने ही घायल को किसी तरह रेफरल अस्पताल पहुँचाया।

अस्पताल पहुँचने के बाद जो हुआ, वह और भी चौंकाने वाला था। लोगों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे और घायल मरीज की ड्रेसिंग और प्राथमिक इलाज का जिम्मा एक सिक्योरिटी गार्ड को सौंप दिया गया। जब घायल को लेकर पहुँचे लोगों ने इसकी आपत्ति जताई और डॉक्टर या नर्स को बुलाने की मांग की, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें अस्पताल परिसर से बाहर निकाल दिया गया।

जब रेफरल अस्पताल में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर और नर्स तैनात हैं, तो एक सुरक्षा गार्ड को मरीज का इलाज करने की ज़िम्मेदारी क्यों दी गई?

उस समय डॉक्टर कहाँ थे? अगर डॉक्टर मौजूद थे भी, तो उन्होंने यह काम एक अप्रशिक्षित व्यक्ति को क्यों सौंपा?

किसके आदेश पर एक गार्ड के द्वारा इलाज जैसा गंभीर और संवेदनशील काम करवाया जा रहा था? लोगों ने चिंता जताई कि अगर इस पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया गया और कार्रवाई नहीं हुई, तो कल को यहाँ सुरक्षा गार्डों के द्वारा ही मरीजों का ऑपरेशन भी किया जाने लगेगा, जो जानलेवा साबित हो सकता है।

इस घटना ने तोरपा और आसपास के इलाकों के लोगों में रोष पैदा कर दिया है। स्थानीय निवासी और घटना के गवाह बने लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और जिला प्रशासन का ध्यान इस गंभीर मामले की ओर खींचा है। उनकी मांग है कि इस घटना की तुरंत जाँच की जाए और लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों व अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोहराई न जाए और मरीजों को समय पर और योग्य डॉक्टरों द्वारा उचित इलाज मिल सके।

## झारखंड स्थापना दिवस पर 11 से 15 नवंबर तक होंगे कई कार्यक्रम

### उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा , जन शिकायत कोषांग की भी हुई बैठक

संवाददाता



**चतराः** आगामी झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर चतरा जिले में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि 11 नवंबर को सुबह 7 बजे समाहरणालय परिसर से कुल्लू मोड़ तक रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को समुचित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रमों में अधिक से अधिक आमजन एवं छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी प्रखंडों में भी स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। तैयारियों के क्रम में यह भी तय किया गया कि 12 नवंबर को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 13 नवंबर को समाहरणालय से भेरी फॉर्म तक साइकिल रैली निकाली जाएगी तथा इसी दिन पेंटिंग, रंगोली, क्विज प्रतियोगिता एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 14 नवंबर को वाल पेंटिंग कार्यक्रम के साथ 15 नवंबर को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान जन शिकायत कोषांग से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### 30 अक्टूबर से लापता सत्यम साहू का शव धामनिया पत्थर माइंस से हुआ बरामद

#### प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप,परिजनो ने थाने में दिया आवेदन



संवाददाता

**चतराः** सदर थाना क्षेत्र के धामनिया में संचालित पत्थर माइंस मे गुरुवार को एक युवक का शव बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही धीरे-धीरे ग्रामीण जुटने लगे और धमानिया मोड़ के पास शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर सदर एसडीपीओ संदीप सुमन पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा शव को भेजा। मृतक के मामा श्रवण कुमार ने बताया कि मेरा भांजा 30 अक्टूबर को धामनिया मोड़ ट्यूशन पढ़ने आया था,उसके बाद से लापता हो गया। जिसकी सूचना हम लोगों ने सदर थाना को दी थी। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया था। सुबह धामनिया में संचालित पत्थर माइंस में शव बरामद की गई। परिजनो ने प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।



### उपायुक्त ने सोनपुर में दाल मिल निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

**चतराः** सदर प्रखंड के सीमा पंचायत स्थित सोनपुर गांव में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सखी मंडल दीदियों द्वारा स्थापित की जा रही दाल मिल के अधिष्ठापन स्थल का निरीक्षण गुरुवार को उपायुक्त कीर्तिश्री ने किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भवन के सौंदर्यीकरण एवं बाउंड्रीवाल में काटा तार लगाने, रंग-रोगन कराने सहित आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही दाल मिल के बेहतर संचालन और विस्तार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्य-योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार तथा जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक गौरव जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक ही नंबर के दो स्विफ्ट कार से की जा रही थी अफीम की तस्करी

◂ दोनों कार के साथ तस्कर गिरफ्तार ◂ लक्ष्मणपुर गांव से भी अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार ◂ बरामद अफीम की अनुमानित कीमत 40 लाख रु

संवाददाता



**चतराः** जिले में अफीम तस्करी के लिए तस्करों के द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। चतरा शहर के अव्वल मोहल्ला में एक अफीम तस्कर दो अलग अलग स्विफ्ट डिजायर कार में एक ही नंबर प्लेट लगाकर अफीम की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने दोनों कारों को जप्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर मो इरफान शहर के बिंड मोहल्ला का रहने वाला है। वह अव्वल मोहल्ला में मो जावेद के घर में किराए पर मकान लेकर रह रहा था। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि अव्वल मोहल्ला में एक तस्कर दो कारों पर एक ही नंबर लगाकर उससे अफीम तस्करी का काम कर रहा है। उक्त सूचना पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने अव्वल मोहल्ला में मोहम्मद जावेद के घर से अफीम तस्कर मोहम्मद इरफान को लगभग पांच लाख रुपए मूल्य के 980 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके घर के सामने से एक ही नंबर की दोनों कारों को भी जप्त कर लिया गया। इसके विरुद्ध सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। वहीं एक अन्य मामले में सदर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव से 7 किलो 200 ग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम का अनुमानित मूल्य लगभग 35 लाख रुपए बताया जाता है। गिरफ्तार तस्करों में हंटरगंज थाना क्षेत्र में कोबना गांव निवासी रामजी प्रसाद का पुत्र रितिक कुमार रौशन व लक्ष्मणपुर गांव निवासी बबुनी यादव का पुत्र लक्ष्मण यादव का नाम शामिल है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि लक्ष्मणपुर भेडीफार्म स्थित लक्ष्मण यादव के मुर्गी फार्म के एक रूम में कुछ व्यक्ति अवैध अफीम का कारोबार कर रहे है। उक्त सूचना पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी अभियान चला कर रीतिक कुमार रौशन और लक्ष्मण यादव को अफीम के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

राज्य की पहली महिला डीजीपी तदाशा मिश्रा ने संभाला पदभार, कहा-

# महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता

संवाददाता

**रांची :** झारखंड कैडर (1994 बैच) की आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर प्रभारी डीजीपी का कार्यभार ग्रहण किया। यह झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी महिला आईपीएस अधिकारी को राज्य के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले, वह गृह विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थीं।



**महिला सुरक्षा और अपराध पर नियंत्रण पहली प्राथमिकता**

पदभार ग्रहण करने के बाद, नए प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा ने मीडिया को अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता महिला सुरक्षा और अपराध पर लगाम लगाना होगा। इसके साथ ही, उग्रवाद पर नियंत्रण और राज्य में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना भी उनकी विशेष प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

**बेहतर अनुसंधान और त्वरित अभियोजन पर जोर**

डीजीपी ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस कार्रवाई का वास्तविक परिणाम अनुसंधान (इन्वेस्टिगेशन) से सामने आता है। इसलिए, उन्होंने बेहतर क्वालिटी के अनुसंधान सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

उन्होंने कहा कि अभियोजन को भी बेहतर, त्वरित और सशक्त बनाना है, जिससे जिन अपराधियों को सजा मिलनी है, उन्हें जल्द और निश्चित रूप से सजा मिल सके। नए डीजीपी तदाशा मिश्रा ने पुलिस विभाग के निचले स्तर के कर्मियों, सब इंस्पेक्टर से लेकर कॉन्स्टेबल तक, से विशेष अपील की है कि वे आम आदमी के साथ शालीनता और सम्मानपूर्वक व्यवहार करें।

**पूर्व डीजीपी का इस्तीफा मंजूर**

उल्लेखनीय है कि छह नवंबर को झारखंड के पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता का इस्तीफा राज्य सरकार ने मंजूर कर लिया था, जिसके बाद 1994 बैच की झारखंड कैडर की आईपीएस अफसर तदाशा मिश्रा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# झारखंड में पड़ेगी कड़ाके की ठंड, अगले दो दिनों में और गिरेगा पारा, चलेंगी सर्द हवाएं



संवाददाता

**रांची :** झारखंड में धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है। खासकर राज्य के दक्षिणी जिलों में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे सुबह और शाम के समय कनकनी बढ़ गई है।

हालांकि उत्तरी हिस्सों खासकर संथाल परगना के जिलों में फिलहाल दक्षिणी इलाकों की तुलना में ठंड थोड़ी कम है, क्योंकि यहां तापमान में करीब 4 से 5 डिग्री का अंतर बना हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में यहां भी ठंड का असर तेज होगा।

**शनिवार से बढ़ेगी ठंड, चलेगी ठंडी हवाएं**

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि शनिवार से झारखंड में ठंड और अधिक बढ़ने वाली है। सुबह के समय हल्का कुहासा छाए रहने की संभावना है, जबकि दोपहर में चलने वाली ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपी महसूस कराएंगी। शाम ढलते ही स्वेटर, शॉल और कंबल की जरूरत महसूस होगी।

**आज का मौसम रहेगा साफ, शाम में गिरेगा पारा**

झारखंड का मौसम शुक्रवार को सामान्य और साफ रहने की उम्मीद है। दोपहर में तेज धूप और शाम को ठंड का एहसास रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में करीब 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

अगले 24 घंटे में दो डिग्री और गिर सकता है तापमानः पिछले 24 घंटों में झारखंड के तापमान में औसतन 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दो दिनों में तापमान में और 2 डिग्री की गिरावट संभव है। फिलहाल राज्य का अधिकतम तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।


**झारखण्ड सरकार**
**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**
(दूरभाष–06524–223092,(मो0)9431706376,
E-mail Id- sp-gumla@jhpolice.gov.in)

**(गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि लापता संजय उराँव उम्र करीब 26 वर्श, पिता–अकला उराँव, सा0–बोरांग, पोस्ट–जमटी, थाना–बिशुनपुर, जिला–गुमला। हिमाचल प्रदेश काम करने गये थे, जो अब तक घर नहीं आये हैं। **जिसके संबंध में बिशुनपुर थाना सन्हा सं0–08/25 दिनांक–07.08..2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।** जिसका हुलिया निम्न प्रकार हैं। रंग :–साँवला, उँचाई :–करीब 5 फीट 2 ईच, बालः–काला, एवं भाशा :–हिन्दी, कुडुख, एवं सादरी बोलता है। इनका खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता पुरूश के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, बिशुनपुर – 9431706208

पुलिस अधीक्षक, गुमला

PR 365349 Police Wireless Headquarter(25-26)#D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 AMBULANCE SERVICE-108


# तीन दिवसीय दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रिय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

संवाददाता

**रांची :** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार से तीन दिवसीय दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रिय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हो गया। इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीम भाग ले रही है। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में पुलिसकर्मी खेल के क्षेत्र में अपना जौहर दिखाएंगे।





प्रतियोगिता का शुभारंभ दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के पांच जिलों के खिलाड़ियों ने परेड के जरिए किया। समारोह के मुख्य अतिथि रांची जोनल आईजी मनोज कौशिक, एसएसपी राकेश रंजन के साथ-साथ सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधीक्षकों ने बलून उड़ाकर और सफेद कबूतरों को आजाद कर खेल प्रतियोगिता का आगाज करवाया।

उद्घाटन के मौके पर आईजी मनोज कौशिक ने कहा कि खेलकूद न सिर्फ शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि तनाव भी कम करता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए तनाव एक ओर जहां चुनौती है, वहीं दूसरी ओर इससे पार पाने के लिए फिट रहना जरूरी है। ये सिर्फ खेल से ही संभव हो सकता है।रांची एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि पुलिस के लिए खेलकूद हमारे दिनचर्या का अभिन्न अंग है। इसके माध्यम से लोग शारीरिक तौर सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में बेहतर कार्य के लिए जरूरी है कि लोग पूर्णतः फिट रहें। ऐसे में जवानों के लिए खेलकूद का महत्व और बढ़ जाता है।

दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस के खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, कराटे और दौड़ के साथ लगभग दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पुलिस खिलाड़ियों को नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा।

# सेल-एमटीआई ने रणनीति 2025 में प्राप्त किया दूसरा स्थान



संवाददाता

**रांची:** भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के अंतर्गत शिक्षण और नेतृत्व विकास का एक प्रमुख केंद्र, प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची ने रण-नीति 2025 - सेल अंतर-संयंत्र प्रबंधन सिमुलेशन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करके अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है।

सेल के निदेशक (कार्मिक) कप के अंतर्गत आयोजित, यह सेल पारिस्थितिकी तंत्र का एक प्रमुख विकास है। 2025 संस्करण में संगठन के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाली रिकॉर्ड 132 टीमों ने भाग लिया। इनमें से, 12 उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमें सेल-एमटीआई, रांची में आयोजित ग्रैंड फिनाले में आगे बढ़ीं।

रण-नीति मंच का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी लेकिन सहयोगात्मक वातावरण के माध्यम से विभिन्न कार्यों में तालमेल, नवीन निर्णय लेने और संगठनात्मक नेतृत्व को विकसित करना है। सीईओ, सीएफओ, सीओओ और सीएमओ जैसी भूमिकाएं निभाने वाले प्रतिभागियों को अपने सिम्युलेटेड उद्यमों को विकास और लाभप्रदता की ओर ले जाने के लिए डेटा-संचालित रणनीतिक निर्णय लेने की चुनौती दी गई थी।

3-4 नवंबर 2025 तक आयोजित दो दिनों की उच्च-दांव प्रतियोगिता के बाद, बोकारो स्टील प्लांट की टीम चैंपियन के रूप में उभरी, जबकि इस्को स्टील प्लांट ने प्रथम रनर-अप का स्थान हासिल किया। सेल-एमटीआई रांची की टीम, जिसमें विश्वजीत आनंद, एजीएम (एचआर-एलएंडडी), चंद्र नाथ कुमार, सीनियर मैनेजर (एचआर-एलएंडडी) शामिल थे, ने असाधारण विश्लेषणात्मक कौशल, नेतृत्व अंतर्दृष्टि और टीम तालमेल का प्रदर्शन किया, और अनुकरणीय विश्लेषणात्मक कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनर-अप ट्रॉफी अर्जित की।

पुरस्कार केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), सेल द्वारा संजय धर, कार्यकारी निदेशक (एचआर-एलएंडडी), सेल-एमटीआई और एआईएमए के सुविधादाताओं की उपस्थिति में प्रदान किए गए। उनकी उपस्थिति ने क्षमता निर्माण, नवाचार और प्रदर्शन-संचालित शिक्षण संस्कृति पर सेल के निरंतर जोर को रेखांकित किया।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि अपने कार्यबल के बीच नेतृत्व उत्कृष्टता, रणनीतिक नवाचार और प्रबंधकीय क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सेल-एमटीआई की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है - जिससे संगठन की सतत विकास और परिचालन उत्कृष्टता की खोज को बल मिलता है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मनाया गया गौरवपूर्ण उत्सव



**रांची :** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष उत्सव आयोजित किया गया। एयरपोर्ट परिसर में सामूहिक गायन कार्यक्रम हुआ, जिसमें एयरपोर्ट के कर्मियों और सीआईएसएफ जवानों ने पूरे जोश और गर्व के साथ वंदे मातरम गाना गाया। कार्यक्रम के दौरान पूरा एयरपोर्ट परिसर देशभक्ति की गूंज से भर गया। उपस्थित कर्मियों ने इसे भारतीय एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बता दें कि 7 नवंबर 1875 को बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदे मातरण गीत की रचना की थी। यह गाना पहली बार उसी साल साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ था। गीत को पहली बार 1882 में उनके उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया था। जबकि गीत को पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$- 20/2025-26 दिनांक – 06.11.2025**

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8210297254
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 21.11.2025 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.11.2025 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01.12.2025 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रामपुर नाला पर एकल चेकडेम निर्माण। | चैनपुर | 13947900.00 | 10000.00 | 11 माह |
| 2 | शिल्फी नदी में तेलिया के पास चेकडैम निर्माण। | रायडीह | 8628800.00 | 10000.00 | 11 माह |
| 3 | ग्राम लुरू डाड़टोली में कुरू नाला पर चेकडैम निर्माण। | रायडीह | 8266900.00 | 10000.00 | 11 माह |
| 4 | तेलहा नाला पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण। | गुमला | 14036400.00 | 10000.00 | 11 माह |
| 5 | सुआली नाला पर चेकडैम निर्माण। | डुमरी | 12772400.00 | 10000.00 | 11 माह |
| 6 | दुल्की नदी में चेकडैम निर्माण। | घाघरा | 7961600.00 | 10000.00 | 11 माह |
| 7 | जालीम नदी में चेकडैम सं0–1 निर्माण। | बिशुनपुर | 8543500.00 | 10000.00 | 11 माह |

नोटः–(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.365399 Minor Irrigation(25-26):D


# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यालय में उत्सव के रूप में मनाई राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ

मेट्रो रेज

**रांची:** देश के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारत सरकार तथा पार्टी द्वारा पूरे देश में 150 प्रमुख स्थानों पर गौरव पूर्ण ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस निमित भाजपा किसान मोर्चा 7 नवंबर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव के रूप में मनाई। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा वंदे मातरम गीत एक साथ स्वर में गाकर देश भक्ति का संदेश दिया। उक्त मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि देश के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष पूरे होने के अवसर पर पार्टी द्वारा 7 नवंबर को देशभर में आयोजित की जा रही है। इसी उत्सव को लेकर हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे देश में इसे उत्साह के साथ उत्सव की तरह मानने का निर्णय लिया। जिसके तहत हम पार्टी के लोग प्रदेश कार्यालय रांची में उत्सव की तरह मना रहे हैं। पार्टी ने इस ऐतिहासिक मौके को राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर 1875 को महान साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने यह अमर गीत लिखा था। जिसे 1896 में रविंद्र नाथ टैगोर ने कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार गया था। उस समय यह गीत केवल स्वर नहीं था, बल्कि यह ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक आवाज थी। 1905 के बंग आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्येक चरण में वंदे मातरम ने भारतवासियों के हृदय में जोश और एकता का संचार किया था। कहा कि सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक जैसे महान क्रांतिकारियों ने इस गीत को अपनी प्रेरणा का मंत्र बनाया। इस गीत को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने 1950 में वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया। इस गीत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना जो आज भी करोड़ों भारतीयों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाता है। कहा कि झारखंड के पांच और देशभर में 150 प्रमुख स्थानों पर एक साथ वंदे मातरम गूंजेगा। पवन साहू ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़ा हुआ है, जो राष्ट्र प्रथम का संदेश देता है। मगर समय-समय पर कांग्रेस ने पुष्टिकरण के कारण इसमें भी छेड़छाड़ करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि किस तरह एक षड्यंत्र के तहत कांग्रेस में वंदे मातरम गीत में हिंदू देवी देवताओं का नाम था, इसलिए हमेशा उन्होंने इसका विरोध किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अली जिन्ना सहित मुस्लिम लिंग व कई अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी इसका विरोध किया था। जबकि इसका मूल भाव जो है हमारे जननी है उसकी वंदना है।



कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे, अरविंद खुराना, महामंत्री अजय मुंडा, कार्यालय मंत्री सज्जन कुमार पंकज, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, सफदर अली, कार्यक्रम प्रभारी अवधेश दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष पशुपति नाथ शाहदेव, सह कार्यालय मंत्री बृंद कुमार, जितेंद्र सिंह सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर उक्त कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
(जिला खेल शाखा)
दूरभाष : .............................. Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय एवं निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के ज्ञापांक 650 दिनांक 08.10.2025 के निदेशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रामगढ़ जिला अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम यथा–पदयात्रा, निबंधन लेखन प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम के आयोजन की तिथि, समय एवं आयोजन स्थल निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | तिथि | आयोजन स्थल/कॉलेज का नाम | आयु वर्ग | कार्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 10.11.2025 | G.M College, Bhurkunda & Jubilee College, Bhurkunda | 15 से 29 (पुरूष एवं महिला) | Poster Making, Lecture, Essay, Yoga |
| 02 | 11.11.2025 | P.T.P.S College, Patratu | | Poster Making, Lecture, Cleanliness |
| 03 | 12.11.2025 | C.N. Collage, Marar Ramgarh | | |
| 04 | 15.11.2025 | Ramgarh College, Ramgarh | | Poster Making, Debate Compition, Lecture |
| 05 | 15.11.2025 | Radha Goving University, Lalki Ghati, Ramgarh | | Poster Making, Lecture, Essay, Yoga |
| 06 | 17.11.2025 | Ramgarh College, Ramgarh | | Cultural Programme & Unity March |
| 07 | 18.11.2025 | Chitarpur College. chitarpur | | Poster Making, Lecture, Cleanliness & Essay |
| 08 | 18.11.2025 | Dr. S. Radha Krishnan B.ed College, Ramgarh | | Poster Making, Lecture, Cleanliness & Yoga |
| 09 | 19.11.2025 | Max Institute of Teachers Training B.ed and D.El.Ed College Ramgarh | | Poster Making, Debate Compition, Lecture |
| 10 | 19.11.2025 | Ramshobha College of Education Ramgarh | | Poster Making, Cultural Nukkad Natak Lecture, Essay |
| 11 | 20.11.2025 | Maharshi Paramhansh College Of Education, Ramagrh | | Poster Making, Cultural, Lecture, Yoga |

उक्त उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी संबंधित महाविद्यालय में जाकर भाग ले सकते है।

अतः अधिक जानकारी हेतु श्री नितेश कुमार मोदी, मेरा युवा भारत वॉलिंटियर के मोबाईल नं० 9135973356 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 365413 District (25-26)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## बिना छात्र स्कूल

निस्संदेह, शिक्षा मंत्रालय की वह रिपोर्ट परेशान करने वाली है, जिसमें बताया गया है कि बीते शिक्षा सत्र में देश के आठ हजार सरकारी स्कूलों में किसी बच्चे ने दाखिला नहीं लिया। लेकिन विडंबना यह है कि इन स्कूलों में बीस हजार शिक्षक तैनात हैं। वहीं देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाएं चल रही हैं। वैसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी करके हर जगह विसंगतियां नजर आती हैं। यही वजह है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आठ हजार स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल में है। यह संख्या 3,812 है, जो बेहद चौंकाने वाली बात है। स्थिति का दूसरा परेशान करने वाला तथ्य यह है कि इसी राज्य के बिना दाखिले वाले स्कूलों में बाकायदा करीब अठारह हजार शिक्षक तैनात हैं। कमोबेश तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 2,245 स्कूल जीरो एडमिशन वाले हैं तथा एक हजार से ज्यादा शिक्षक यहां तैनात हैं। वहीं भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, जिसका स्थान इस सूची में तीसरा है, वहां 463 स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। बाकायदा 223 शिक्षक इन जीरो एडमिशन वाले स्कूलों में तैनात हैं। वैसे चौंकाने वाली बात यह है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इस बार के मुकाबले पांच हजार स्कूल अधिक ऐसे थे, जहां कोई विद्यार्थी दाखिल नहीं हुआ था। एक विसंगति यह भी है कि स्कूली शिक्षा राज्य सरकारों के अधीन होती है, अतः केंद्र सरकार का दखल इसमें नहीं होता। लेकिन राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की नीतियों पर सवाल तो उठता ही है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे शून्य दाखिले की परंपरा रोकने के लिये यथासंभव प्रयास करते रहें। बहरहाल, यहां एक सवाल यह भी है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों के शिक्षक छात्रों को स्कूल में लाने के व्यक्तिगत प्रयास क्यों नहीं करते? वैसे कुछ राज्यों के शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। जहां शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छात्रों की कम संख्या को देखते हुए उनका समायोजन अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में करके संतुलन साधने का प्रयास किया है। यहां हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के शिक्षा विभाग की सराहना करनी होगी, जहां एक भी स्कूल जीरो एडमिशन वाला नहीं था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य भर के जीरो एडमिशन वाले 81 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया आरंभ की। इसका मानक यह होगा कि जहां पिछले लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में कोई छात्र दाखिल न हुआ हो। एक परेशान करने वाला आंकड़ा यह भी है कि देश के एक लाख स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को पढ़ा रहा है, जिसमें करीब तैंतीस लाख छात्र अध्ययनरत हैं। जाहिर है वे छात्र क्या पढ़ रहे होंगे और उनका भविष्य क्या होने जा रहा है। यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि छात्रों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग क्यों हो रहा है? यह समाज विज्ञानियों के लिए अध्ययन का विषय होना चाहिए कि कम फीस व पर्याप्त शिक्षक व शिक्षण व्यवस्था के बावजूद छात्र इन स्कूलों में क्यों पढ़ना नहीं चाहते? यह विडंबना ही है कि जिन संस्थानों में नौकरी सुरक्षित और सुविधाएं पर्याप्त होती हैं, वहां कर्मचारी अपना बेहतर प्रदर्शन करते नजर नहीं आते। जबकि निजी स्कूलों में कम वेतन और कम सुविधाओं के बावजूद कर्मचारी जमकर मेहनत करते हैं। वहां शिक्षकों का खूब दोहन होता है लेकिन कक्षाएं छात्र-छात्राओं से भरी होती हैं। विडंबना यह भी कि अभिभावक ज्यादा फीस देकर भी संतुष्ट नजर आते हैं। अक्सर कहा जाता है कि जिस दिन सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों व नेताओं के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगेंगे, उस दिन सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा सुधर जाएगी। फिलहाल देश में लाखों स्कूलों की स्थिति असंतोषजनक है और इस दिशा में गंभीर प्रयास की मांग की जाती है।

## विश्व विजेता बेटियां

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वो इतिहास रचा, जिसका दो दशक से इंतजार था। एक दिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने उस कमी को पूरा किया, जो साल 2005 और 2017 में फाइनल में पहुंचकर भी हासिल न हो सकी थी। ऐसे वक्त में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खिताबी दौड़ में कमजोर माना जा रहा था, उसने सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया टीम को सेमीफाइनल के एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। मुकाबले में मुंबई की जेमिमा रॉड्रिग्स ने 127 रन की तूफानी यादगार पारी खेली। लगता था शुरूआत में कई मैच हारने वाली भारतीय महिला टीम ने अपनी ऊर्जा फाइनल मुकाबले के लिये बचा रखी थी, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रन से हरा दिया। रविवार की रात हरमनप्रीत कौर की कप्तानी ने पासा ही पलट दिया। फिर उनकी टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में चालीस हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच जीत का जश्न जमकर मनाया। इस जुनूनी जश्न की वे हकदार भी थीं। साथ ही देश के एक अरब चालीस करोड़ लोगों को भी जीत के जश्न में डुबो दिया। लोग इस साल होने वाले कई दुखांत घटनाक्रमों को भुला इस जीत की लय में झूम उठे। यह सुखद आश्चर्य ही था कि टीम ने लगातार तीन हार झेलने के बाद टूनार्मेंट में दमदार वापसी की। सेमीफाइनल में लोग सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को कमतर आंक रहे थे। सुखद आश्चर्य देखिये कि फाइनल मुकाबले में हरियाणा की उस शैफाली वर्मा ने करिश्माई पारी खेली, जो विश्व कप के शुरू होने से पहले टीम का हिस्सा भी नहीं थी। उसने अपने चयन को तार्किक साबित किया। इसी तरह दीप्ति शर्मा ने भी शानदार खेल का परिचय दिया। निश्चय ही महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत देश की उन लाखों बेटियों के सपनों को नयी ऊंचाइयां देगी, जो अपना आसमान हासिल करना चाहती हैं। निस्संदेह, विश्वकप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस खेल में टीम दीर्घकालिक वर्चस्व कायम रख सकती है। दरअसल, अब तक महिला क्रिकेट को दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। दरअसल, जब से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान वेतन मिलने लगा और उन्हें आईपीएल-शैली की टी-20 लीग में दमखम दिखाने का मौका मिला, टीम के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार आया। धीरे-धीरे वे पुरुष क्रिकेट के सितारों की तरह आभा बिखेरने लगी। हालांकि, आगे की राह इतनी भी आसान नहीं है, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल उनके पास इस कामयाबी का जश्न मनाने का मौका है। उल्लेखनीय है कि टीम में कई ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने तमाम आर्थिक-सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी। वे तपती पगडंडियों से गुजरने वाली बेटियों के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। इन खिलाड़ियों ने मैदान से पहले निजी जीवन में बड़ा संघर्ष किया। बेहद जटिल पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वे विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी हैं। उनके साथ अभ्यास मैच खेलने के लिये लड़कियां नहीं होती थी, अतः वे शुरूआती क्रिकेट लड़कों की टीम के साथ खेलती थीं। उनके माता-पिता को समाज की छींटाकशी का भी शिकार होना पड़ता था। मध्यप्रदेश की क्रांति गौड़ ने आर्थिक बदहाली का जीवन जिया और प्रैक्टिस मैच के लिये पैसे की मदद न मिलने पर मां ने गहने तक बेचने पड़े। वक्त बदला है और आज मध्य प्रदेश सरकार ने उसे एक करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# राहुल की प्रेस कांफ्रेंस यानी बिहार में हार की पेशबंदी

> असल में पटना से करीब 1100 किलोमीटर दूर जब राहुल गांधी हरियाणा विधानसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग के किस्से सुना रहे थे तब ऐसा लग रहा था मानो वो बिहार में महागठबंधन की संभावित हार के लिए पेशबंदी कर रहे हैं। राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान से एक दिन पहले दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर हरियाणा में डुप्लिकेट वोटर्स से लेकर बल्क वोटर्स तक, कैटेगरी वाइज आंकड़े भी बताए। इससे पहले भी राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा उठा चुके हैं। लेकिन वो चुनाव आयोग में शपथ पत्र देकर शिकायत और अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाते हैं। बस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बेबुनियाद आरोप और दावे करते रहते हैं। असल में पटना से करीब 1100 किलोमीटर दूर जब राहुल गांधी हरियाणा विधानसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग के किस्से सुना रहे थे तब ऐसा लग रहा था मानो वो बिहार में महागठबंधन की संभावित हार के लिए पेशबंदी कर रहे हैं। राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गई। राहुल गांधी के इस दावे को लेकर काफी विवाद हो रहा है। इनमें भी सबसे बड़ा विवाद तो ये है कि राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि जिन 22 वोटर कार्ड पर एक ही मॉडल की तस्वीर है, उन वोटर कार्ड से चुनावों में वोट डाले गए हैं। ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जिस वोटर लिस्ट को दिखा कर ये पूरा दावा कर रहे हैं, वो वोटर लिस्ट मतदान के बाद की नहीं बल्कि मतदान से पहले की है। सोचिए मतदान से पहले की वोटर लिस्ट से राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि इन वोटर कार्ड से चुनाव में वोटिंग भी हुई। मीडिया की पड़ताल में राहुल गांधी के दावे झूठे साबित हुए। सवाल यह भी है कि अगर कोई गड़बड़ी थी तो कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट्स ने संशोधन के दौरान एक ही नाम की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के लिए कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की? वहीं अगर कई नामों के दोहराव से बचना था तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई? मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिहार और हरियाणा दोनों में कांग्रेस के बूथ एजेंटों ने संशोधन के दौरान दोहराए गए नामों को लेकर कोई दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की। सवाल यह भी है कि वोटर लिस्ट चुनाव से पहले उपलब्ध होती है। अगर कोई नाम छूट गया है तो उसे जुड़वाने की व्यवस्था होती है। वास्तव में, कांग्रेस और कई विपक्षी दल सत्ता हासिल करने के लिए किसी ने किसी बहाने देश की जनता को संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उकसाते रहते हैं। चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई से लेकर तमाम दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं। राहुल गांधी तो चुनाव आयोग के अधिकारियों को खुली धमकी दे चुके हैं कि उनकी सरकार आएगी तो वो जांच करवाएगी। वैसे अब तक चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली को लेकर विपक्ष के आरोप फर्जी और बेबुनियाद ही साबित हुए हैं। प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने मीडिया का परिचय बिहार के कुछ ऐसे लोगों से भी कराया है, जिनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं और इन लोगों का कहना है कि चुनाव आयोग की तरफ से उनके पास कभी कोई आया ही नहीं और बिना बताए उनका नाम वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिया गया। अब यहां समस्या ये है कि राहुल गांधी देश को ये बता रहे हैं कि वोटर लिस्ट में क्या त्रुटियां हैं लेकिन चुनाव आयोग जब इन त्रुटियों को सुधारने के लिए वोटर लिस्ट का रिवीजन करना चाहता है तो वे इसका भी विरोध करते हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध? जिन लाखों वोटरों का वोट कटा है, वो चुपचाप घरों में बैठकर राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस का इंतजार क्यों कर रहे थे, उन्हें तो सड़कों पर उतर आना चाहिए था। वास्तव में, राहुल गांधी एक अगंभीर राजनीतिज्ञ हैं। उनकी राजनीति का मकसद सेवा की बजाय मेवा खाना और कमाना है। देश की जनता से जुड़ाव दिखाने के लिए वो किसान, ड्राइवर, कारपेंटर, हलवाई, कुली या पुताई वाले का अभिनय करते दिखते जरूर हैं लेकिन राजनीति और देश को लेकर उनकी समझ अल्प है। वहीं, उनकी एक समस्या यह भी है कि मोदी सरकार के खिलाफ वो जो आरोप लगाते हैं, उनका कोई ठोस आधार या प्रमाण उनके पास नहीं है। इस संबंध में उनके तमाम आरोप और दावे अतीत में गलत साबित हुए हैं। मोदी सरकार के खिलाफ वे पिछले एक दशक में कई आरोप लगा चुके हैं लेकिन चंद दिनों के शोरशराबे के बाद वे कोई नया आरोप लगाने लगते हैं। देश की जनता मोदी और राहुल गांधी के बीच का फर्क सही से समझ रही है इसलिए कांग्रेस सत्ता से दूर है। राहुल गांधी के पास पक्के सुबूत हों तो उन्हें छाती ठोक कर चुनाव आयोग में शपथ पत्र दाखिल कर शिकायत दर्ज करनी चाहिए, अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। लेकिन वो ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उनके आरोप केवल जनता को उकसाने के लिए हैं, संवैधानिक संस्थाओं और व्यवस्थाओं के प्रति नाराजगी का माहौल बनाने का है। कांग्रेस और विपक्ष के कई दलों का इको सिस्टम देश में अस्थिरता, अशांति और अराजकता का माहौल बनाने की फिराक में है। देशी राजनीतिक दलों के इन षड्यंत्रों में विदेशी ताकतें खाद-पानी मुहैया करा रही हैं। आजकल राहुल गांधी जेन जी को बहला फुसलाकर सड़कों पर उतारना चाहते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी रोकने के लिए भारत के जेन-जी को आगे आना होगा। राहुल गांधी बार-बार जेन-जी युवाओं का जिक्र कर रहे हैं, जिससे सवाल खड़ा होता है कि क्या वो भारत के युवाओं को सरकार के खिलाफ आंदोलन करने के उकसा रहे हैं? -ये आरोप भाजपा लगा रही है।

पिछले कुछ महीनों में जेन-जी युवाओं ने सिर्फ नेपाल में सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन नहीं किया है, बल्कि मोरक्को, मेडामास्कर, पेरू, फिलीपींस, केन्या और यहां तक कि इंडोनेशिया में भी चुनी हुई सरकारों के खिलाफ जेन-जी युवा हिंसक आंदोलन कर चुके हैं। इनमें कुछ देशों में उन्होंने तख्तापलट भी कर दिया है। पिछले साल बांग्लादेश में भी जो तख्तापलट हुआ था, उसके पीछे भी जेन-जी छात्रों का हिंसक आंदोलन था, जिससे अब भाजपा राहुल गांधी की मंशा पर सवाल उठा रही है। जिस तरह विदेशी ताकतें भारत के बढ़ते कदमों को रोकना चाहती हैं। ऐसे में विपक्ष खासकर कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी और व्यवहार इस ओर इशारा करता है कि वो सत्ता हासिल करने के लिए वोट की बजाय तख्तापलट पर ज्यादा यकीन करते हैं। कुल मिलाकर जमीन और जनता से कटे नेता और राजनीतिक दल बिहार चुनाव में अपनी हार देखकर वोट चोरी का पुराना राग अभी से गाने लगे हैं। राहुल गांधी वोट चोरी का राग सबसे ऊंची आवाज में गा रहे हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कैंसर का फैलता जाल और समाज की चुप्पी

> कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

**योगेश कुमार गोयल**

कैंसर किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को ह्यराष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवसह्न मनाया जाता है। वास्तव में यह एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का देर से पता चलता है और कई बार तो बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें।

कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि कैंसरह्नआखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है। हालांकि कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख है- वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्त्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्रायः इतना महंगा होता है कि गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी है।

# भगवान शिव के मस्तक पर चंद्रमा बाईं ओर ही क्यों

हिंदू धर्म में भगवान शिव को देवों का देव महादेव कहा जाता है। माना जाता है कि भगवान शिव का स्वरूप जितना ज्यादा अद्वितीय है, उतना ही रहस्यमयी भी है। भगवान शिव जिन भी चीजों से खुद को सुसज्जित करते हैं, वो भिन्न हैं। जैसे भगवान शिव गले में सर्प, शरीर में भस्म, जटाओं में गंगा और मस्तक पर त्रिनेत्र, यह सभी महादेव के स्वरूप को दिव्य और अद्वितीय बनाते हैं। इस तरह से भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान चंद्रमा का स्वरूप और स्थान बिल्कुल अलग है। चंद्रमा महादेव के मस्तक की शोभा को बढ़ाते हैं और इससे उनको चंद्रशेखर का रूप प्रदान करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक के बाईं ओर क्यों स्थित है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चंद्रमा का मस्तक पर विराजमान होने के लिए ये विशेष स्थान क्यों सुसज्जित किया गया। पुराणों के मुताबिक समुद्र मंथन से निकला विष जब भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया, तो शंकर जी की जटाओं से निकलने वाली उग्र गर्मी को शीतलता प्रदान करने के लिए चंद्रमा ने उनके मस्तक पर स्थान लिया। इसी वजह से आज भी चंद्रमा भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं और भगवान शिव की शोभा को बढ़ा रहे हैं। चंद्रमा शांति, मानसिक संतुलन और शीतलता का प्रतीक होते हैं, जोकि भगवान शिव के उग्र रूप को संतुलित करते हैं। ज्योतिष में चंद्रमा को भावनाओं, मन, सौंदर्य और शीतलता का प्रतीक माना जाता है। वहीं भगवान शिव वैराग्य, तपस्या और कठोर साधाना के प्रतीक हैं। ऐसे में जब भगवान शिव के मस्तक पर चंद्रमा सुशोभित होता है, तो दोनों ऊजाओं को संतुलित करने में मदद मिलती है और शिव और चंद्रमा एक-दूसरे के पूरक बनते हैं। शिव को कठोरता और चंद्रमा को कोमलता से जोड़ा जाता है। दोनों का संतुलन कठोरता में कोमलता और वैराग्य में शीतलता को दशार्ता है। यह स्थिति हमें संदेश देती है कि जीवन में वैराग्य और तपस्या जरूरी है, लेकिन करुणा और भावनाओं का भी उतना ही महत्व है। ज्योतिष की मानें, तो मनुष्य का शरीर एक तरह का ब्रह्मांड है, जिसके दो पक्ष हैं- दाहिना और बायां पक्ष। दाहिना पक्ष पुरुष तत्व, पिंगला नाड़ी और सूर्य का प्रतीक है। तो बायां पक्ष स्त्री तत्व, चंद्रमा और इड़ा नाड़ी का प्रतीक होता है। भगवान शिव के मस्तक पर बाईं ओर विराजमान चंद्रमा इस बात का प्रतीक है कि चंद्रमा स्त्री तत्व और भावनात्मक ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है। क्योंकि बायां भाग इड़ा नाड़ी का स्थान होता है, जोकि ठंडक, शांति और मानसिक स्थिरता का प्रदान करता है, इसलिए चंद्रमा को भगवान शिव के मस्तक के बाएं हिस्से में स्थान मिला। पौराणिक दृष्टि से चंद्रमा को मां पार्वती का प्रतीक माना जाता है। जिस तरह से भगवान शिव के बाएं हिस्से में मां पार्वती का पास होता है और जिसको अर्धनारीश्वर स्वरूप में देखा जाता है। जब भगवान शिव के बाएं ओर मां पार्वती विराजमान रहती हैं, तो चंद्रमा का भी इस स्थान पर होना स्वाभाविक है। यह दिखाता है कि शिव और शक्ति एक-दूसरे के पूरक हैं।

## टिप्स

### एयर प्यूरीफायर बच्चों की इम्युनिटी के लिए हानिकारक नहीं

इस समय दिल्ली-एनसीआर में जहरीली हवा के कारण कई लोग वायु गुणवत्ता (अदक) कम करने के लिए अपने घरों में एयर प्यूरीफायर लगाने पर मजबूर हो गए हैं। हालांकि एयर प्यूरीफायर हवा की गुणवत्ता सुधारने में मदद करते है, लेकिन इनके बार-बार इस्तेमाल से जुड़ी कई भ्रामक तथ्य हैं, जिनमें यह धारणा भी शामिल है कि ये बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम कर देते हैं। नवजात शिशु विशेषज्ञ ने बताया कि क्या एयर प्यूरीफायर हानिकारक हैं और उनके इस्तेमाल से जुड़े मिथक का खंडन किया। एयर प्यूरीफायर के इस्तेमाल से आपके बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर नहीं होगी।

**क्या एयर प्यूरीफायर आपके बच्चे के लिए हानिकारक हैं?**

हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि जब लोग एयर प्यूरीफायर खरीदते हैं, तो उनके दिमाग में कई सवाल आते हैं, जैसे कि- क्योंकि इसका इस्तेमाल सिर्फ एक ही कमरे में किया जा सकता है। जब बच्चा दूसरे कमरों में जाएगा, तब भी घर के अंदर वायु प्रदूषण होगा। तो क्या दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले बच्चों को भी इसकी आदत नहीं डालनी चाहिए? माता-पिता अक्सर पूछते हैं, ₹अगर हम एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें तो यह कैसे करें? हेल्थ एक्सपर्ट ने कहा कि वायु विषाक्तता के कण और इम्युनिटी का आपस में कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि- ₹जो व्यक्ति दिन में 20 सिगरेट पीता है, उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता और सहनशीलता 5 सिगरेट पीने वाले व्यक्ति से ज्यादा नहीं होती। इसलिए, अगर हो सके तो रात में कम से कम 8 से 10 घंटे प्यूरीफायर चलाएं ताकि बच्चे के फेफड़े ठीक हो सकें।अगर आपके पास एयर प्यूरीफायर नहीं है तो क्या करें

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## स्कूटी के डिक्की से 6 आईफोन बरामद



**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक साहिबगंज को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में 6 नवबर की रात में करीब 12:00 बजे तीनपहाड़ स्थित मछली पट्टी के पास एंटी क्राईम चेकिंग लगाया गया।एंटी क्राईम चेकिंग के दौरान समय करीब 01:00 बजे रात्री में एक स्कुटी पर सावार दो व्यक्ति के द्वारा रेलवे स्टेशन की तरफ से बाबुपूर की तरफ आ रहा था। मछली पट्टी में एंटी क्राईम चेंकिंग लगा देख कर स्कुटी सावार भागने लगा। जिसे गस्ती में तैनात पदाधिकारी और सशस्त्र बल के द्वारा खदेड कर पकडा गया। जिसके उपरान्त पकडाये व्यक्ति के साथ स्कुटी का तालाशी लिया गया तालाशी के क्रम में दोनो पकडाये व्यक्ति के पास से एक-एक एंड्राईड मोबाईल और स्कूटी के डिक्की से 06 आई०फोन बरामद किया गया अनुमानित किमत करीब 05 लाख रूपया जिसके उपरान्त पकडाये व्यक्तियों के पास से बारमद मोबाईल को जब्ती सूची बना कर जब्त किया गया। इस संबंध में तीनपहाड़ थाना कांड संख्या-150/2025 दर्ज किया गया। पकड़ाये व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश : उपायुक्त



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने समहरणालय स्थित ईभीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए इभीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए।मौके पर, अपर समाहर्ता गौतम भगत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को फाईलेरिया के बारे में किया गया जागरूक



**साहिबगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतना के अंतर्गत दिग्घी गाँव मे फाईलेरिया उन्मूलन हेतु रात्रि रक्तपट संग्रह कार्यक्रम का उद्घाटन दिवेस द्विवेदी प्रखंड विकास पदाधिकारी पतना, प्रधान, वार्ड सदस्य एवं डॉ सत्ती बाबू डबडा जिला भीबीडी सलाहकार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया ! जिसमे 20 साल से ऊपर सभी लोगों का 8 बजे अपराह्न से 12 बजे अपराह्न तक रक्तपट संग्रह किया जा रहा है ! साथ -साथ रात्रि चौपाल का आयोजन कर एलईडी वेन के माध्यम से ग्रामीणों को फाईलेरिया के बारे मे जागरूक भी किया जा रहा है ! मौके पर डॉ कुणाल किशोर चिकित्सा पदाधिकारी, मुशाहिद अख्तर एफएलए, अशीमुल हककेटीएस , किर्पा सिन्धु बीटीटी, एमपीडब्ल्यू , एलटी, सहिया एवं सेविका आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर आरपीएफ ने तस्करी के एक बड़े प्रयास को नाकाम करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अप रामपुरहाट-गया पैसेंजर ट्रेन में की गई।आरपीएफ टीम के एसआई हिमांशु कुमार हेमंत ने बताया कि नियमित जांच अभियान के दौरान ट्रेन की सीट के नीचे रखी एक प्लास्टिक की बोरी पर शक हुआ। जांच करने पर उसमें रॉयल स्टेज ब्रांड की 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भागलपुर निवासी दुर्गा महाल्दार और शशि कुमार भूषण के रूप में हुई है।जब्त शराब की अनुमानित कीमत ₹16,400 बताई जा रही है।आरपीएफ ने बरामद शराब को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया है। कार्रवाई के दौरान आरपीएफ के कई जवान मौके पर मौजूद थे।रेलवे सुरक्षा बल ने साफ किया है। कि अवैध शराब या किसी भी प्रकार की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगी।

## युवक का मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**साहिबगंज :** गंगा नदी थाना क्षेत्र की पुलिस ने गुरुवार दोपहर को थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए मारपीट मामले में शामिल आरोपी अशोक कुमार उम्र 21 वर्ष पिता महेश सिंह को उसके घर रामपुर दियारा से गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. ऋतुराज ने फौरन आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला अन्तर्गत चल रहे विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने देवघर जिला अन्तर्गत चल रहे व लंबित विभिन्न योजनाओं की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को कड़े शब्दों में निदेशित करते हुए कहा कि विकास के कार्यों को किसी भी सूरत में लंबित न होने दें। साथ ही निर्माण कार्य में जो भी समस्याएं आ रही है उनका निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए करें। आगे उन्होंने संबंधित सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया कि एजेंसी की वजह से कोई भी डेवलपमेंट का काम न रूके इसका विशेष रूप से ध्यान रखें और ऐसा होने पर संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करें।



इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने प्रखंड स्तर पर विभिन्न विकास कायों से जुड़े योजनाओं की समीक्षा करते हुए भू-हस्तांतरण, भू-अधिग्रहण, वन विभाग से अनापति प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से जुड़े क्लियरेंस लेने में हो रही देरी पर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं को आपसी समन्व्य के साथ कार्य करने का निदेश दिया, ताकि योजनाओं के लिए स्थल चिन्हित करने अथवा कार्य में देरी न हो व तय समयअनुसार योजनाओं को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके। आगे उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत, एनआरपी, जिला परिषद, डीएमएफटी, स्वास्थ्य, पथ निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, भवन निगम, एनआरईपी, आरईओ, पथ निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ऊर्जा विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण विभाग आदि द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर विकास से जुड़े कार्यों को गति देने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा, एसीएमओ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता आरईओ, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## वंदे मातरम को लेकर सामूहिक गायन एवं सभा आज

संवाददाता

**दुमका :** जनतांत्रिक राष्ट्रभारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी, दुमका द्वारा दुमका परिसदन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि ह्लवंदे मातरमह्व केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में एकता, देशभक्ति और त्याग की भावना का संचार किया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा पूरे देश में इसे एक उत्सव के रूप में मना रही है। 7 नवम्बर को देशभर के 150 स्थानों पर एक साथ ह्लवंदे मातरमह्व का सामूहिक




गायन किया जाएगा। झारखंड के पाँच जिलों का चयन इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए किया गया है, जिनमें दुमका जिला भी शामिल है।

गौरवकांत प्रसाद ने आगे कहा कि शुक्रवार, 7 नवम्बर को दुमका के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ह्लवंदे मातरमह्व के सामूहिक गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पवन केशरी, धर्मेंद्र सिंह, डॉ. अंजुला मुर्मू, मार्शल ऋषिराज टुडू, नीतू झा, तथा जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में काम हो : जयंत तिवारी

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड सभागार में गुरुवार को जल सहिया के साथ प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जयंत तिवारी ने की। बैठक के दौरान सभी जल सहिया से उनके-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी जनकदेव यादव ने कहा कि प्रत्येक जल सहिया को अपने कार्य में समर्पण और दक्षता दिखाते हुए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्य के मूल्यांकन के आधार पर ही मानदेय का भुगतान किया जाएगा, इसलिए सभी जल सहिया



अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। साथ ही यह भी बताया गया कि हर माह की 6 तारीख को नियमित समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। कहा कि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य के रूप में जल सहिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी करनी चाहिए, खराब पड़े हैंडपंप या पाइपलाइन की सूचना समय पर देनी चाहिए, आसपास की स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। इससे समाज में बीमारियों के प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जल की गुणवत्ता की जांच एवं दूषित जल की रिपोर्टिंग वरीय पदाधिकारी को समय पर देना आवश्यक है। बैठक में पंचायत सचिव, जल सहिया सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्कूटी-हाईवा के टक्कर में स्कूटी सवार तीन लोग बुरी तरह घायल

**साहिबगंज:** बोरियो-साहिबगंज मुख्य पथ के मोंगरा पुल के समीप स्कूटी-हाईवा के टक्कर में स्कूटी सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार फूलभंगा गांव निवासी मंसूर अंसारी 58 रिजवाना खातून 18, रुबीना खातून 20 सभी लोग साहिबगंज से डॉक्टर को दिखाकर अपने घर फूलभंगा गांव वापस जा रहा था।जहां कदमा व रक्सो के बीच मोंगरा पुल के पास तेज रफ्तार हाईवा जेएच 17 एडी 7187 ने स्कूटी सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी सवार तीनों लोग बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जहां राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने तीनों घायलों का इलाज किया। वही घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि रुबीना खातून 6 महीने की गर्भवती थी।

## योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश



संवाददाता

साहिबगंज:समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं, जल जीवन मिशन, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल कनेक्शन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।उपायुक्त ने जिले में चल रही प्रमुख योजनाओं- साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी, बोरियो एवं मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाएं, तथा साहिबगंज-गोड्डा-दुमका मल्टी विलेज स्कीम की प्रगति की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक योजना के अंतर्गत पूर्ण, संचालित, प्रक्रियाधीन एवं अपूर्ण योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा मांगा व जिन योजनाओं का हैंडओवर शेष है। उन्हें शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिकतम हाउसहोल्ड को नल-जल कनेक्शन से जोड़ा जाए, जिससे जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हो सके। उपायुक्त ने विभागीय अभियंताओं को कार्य की गुणवत्ता पारदर्शिता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, सहित सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन और संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## मेरा एक हाथ कट गया अब मुझे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा : प्रमोद एक्का

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला परामर्श राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन पद से अजय कुमार पुरी का अवकाश ग्रहण करने के बाद कृषि परिसर में आत्मा सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।वही कार्यक्रम मे मौजूद सभी लोगो ने फूल माला गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर अजय पुरी का विदाई किया।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि एक मानव बल हमारे बीच से चला गया।अजय पुरी के जाने के बाद मुझे लग रहा है कि मेरा एक हाथ कट गया और अब मुझे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।इस विदाई समारोह पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों ने उनके जीवन काल से जुड़े सभी को बात कही।सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।इस अवसर पर अजय पुरी ने कहा कि मुझे चारों तरफ से सभी का सम्मान मिला।इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन,जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता,अरुण भोक्ता कंचन कुमार,राजीव कुमार पांडे,मंटू जी आदि ने अपने विचार रखें।



# अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान

संवाददाता

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेशानुसार अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक



कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता श्री हीरा कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग ओम प्रियदर्शी, संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

मेट्रो Rays

जरा-जरा टच मी ने

# बदली मोनाली ठाकुर की जिंदगी, एक गाने से मिला दोहरा मौका



**बॉलीवुड** की मशहूर सिंगर मोनाली ठाकुर की आवाज हमेशा से ही लोगों के दिलों को छूती आई है। उनकी मधुर और भावपूर्ण आवाज ने उन्हें न केवल फिल्मों में बल्कि संगीत प्रेमियों के बीच भी खास पहचान दिलाई है। मोनाली के करियर की शुरुआत छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं और स्कूल के फंक्शन्स से हुई थी, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और टैलेंट से धीरे-धीरे बॉलीवुड में जगह बनाई। खास बात यह है कि उनके करियर की शुरुआत में ही ऐसा मौका आया, जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी।

मोनाली ठाकुर का जन्म 3 नवंबर 1985 को पश्चिम बंगाल में एक संगीत परिवार में हुआ था। उनके पिता, शक्ति ठाकुर, खुद एक प्रसिद्ध बंगाली गायक थे और उनकी बहन, मेहुली ठाकुर भी एक पेशेवर पार्श्व गायिका हैं। ऐसे परिवार में जन्म लेने की वजह से मोनाली को बचपन से ही संगीत में रुचि रही। उन्होंने भारतीय संगीत की शिक्षा पंडित जगदीश प्रसाद और अजय चक्रवर्ती से प्राप्त की। बचपन में ही मोनाली ने कई स्कूल और कॉलेज की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी गायकी से सभी का ध्यान खींचा। मोनाली ने अपना करियर बड़े स्तर पर तब शुरू किया, जब उन्होंने 2006 में लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 2' में भाग लिया। शो में उनकी मधुर आवाज और स्टेज पर परफॉर्मेंस ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। हालांकि वह टॉप 9 कंटेस्टेंट्स में ही शामिल हुईं, लेकिन विजेता नहीं बन पाईं। इस शो ने उन्हें बॉलीवुड में कदम रखने का अवसर दिया। मोनाली के करियर का सबसे बड़ा मोड़ 2008 में आया, जब उन्हें फिल्म 'रेस' में गाने का मौका मिला। शुरू में उन्हें केवल एक गाना 'जरा-जरा टच मी' गाने को दिया गया था, लेकिन उनकी रिकॉर्डिंग इतनी शानदार थी कि फिल्म के निर्देशक अब्बास-मस्तान और म्यूजिक डायरेक्टर प्रीतम इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मोनाली को दूसरा गाना 'ख्वाब देखें झूठे मूठे' भी गाने का मौका दे दिया। इस घटना ने मोनाली के करियर को एक नई ऊंचाई दी और दोनों गाने सुपरहिट साबित हुए। इस सफलता के बाद मोनाली ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और बॉलीवुड में लगातार अपने लिए जगह बनाई।

इसके बाद मोनाली ने कई हिट गाने दिए। फिल्म 'लुटेरा' का गाना 'संवार लूं', फिल्म 'दम लगा के हइशा' का 'मोह मोह के धागे', और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' का टाइटल सॉन्ग 'बद्री की दुल्हनिया' जैसे गाने उनकी पहचान बने। उनके गाने केवल लोकप्रिय ही नहीं हुए, बल्कि उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। 'संवार लूं' गाने के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से नवाजा गया, जबकि 'मोह मोह के धागे' ने उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिलाया।

# काजल राघवानी ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग, दिखेगा भक्ति और आस्था का मिलन



**भोजपुरी** सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस काजल राघवानी फिल्मों और गानों में सक्रिय हैं। काजल का लेटेस्ट रिलीज गाना 'पायल घुंघरू वाला' 3 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर चुका है। अब काजल ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और फिल्म का नाम भी फैंस के सामने रिवील कर दिया है। काजल राघवानी ने सोशल मीडिया अपडेट किया है और नई फिल्म से जुड़ी जानकारी शेयर की है। फोटो में एक्ट्रेस हाथ में फिल्म का बोर्ड लिए खड़ी है, जिस पर लिखा है 'आस्था' छठी मईया। काजल की अपकमिंग फिल्म में उनका लुक काफी सिंपल है। फोटो में वे सिंपल प्रिंटेड साड़ी और मिनिमल मेकअप लुक में दिख रही हैं। फैंस भी काजल को उनकी नई फिल्म के लिए दिल से बधाई दे रहे हैं। छठ पर्व के मौके पर काजल राघवानी का छठ गीत 'दुख सुनी दीनानाथ' भी रिलीज हुआ था। गीत को सिंगर सृष्टि भारती की आवाज ने भक्ति से भर दिया। सोशल मीडिया पर गीत को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स मिला। भक्ति गीतों के अलावा काजल के दूसरे जॉनर के गाने भी रिलीज हो चुके हैं। उनका गाना 'लड़का ना चाही डिफेंडर वाला' काफी विवादों में रहा था, क्योंकि यूजर्स ने गाने को खेसारी लाल यादव से जोड़ दिया था। काजल ने खुद आकर सफाई दी थी कि गाने का खेसारी से कोई लेना-देना नहीं। इससे पहले काजल ने गुजराती नव वर्ष के मौके पर सभी से माफी मांगी थी। उन्होंने लिखा था, 'मैं माफी मांगकर शुरुआत करती हूं, आप क्षमा करके शुरुआत करें।

# यूरोपा लीग: एस्टन विला ने मकाबी तेल अवीव को 2-0 से हराया, मैच के दौरान प्रदर्शन और गिरफ्तारियां

एजेंसी

**बर्मिंघम :** एस्टन विला ने गुरुवार को यूरोपा लीग में इजराइली क्लब मकाबी तेल अवीव को 2-0 से हराया। यह मुकाबला भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ, जिसमें संभावित विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए 700 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पहले हाफ के इंजरी टाइम में मॉर्गन रोजर्स ने आयन माटसन को पास दिया, जिन्होंने मुश्किल कोण से गोल दागकर विला को बढ़त दिलाई। इसके बाद 60वें मिनट में डोन्येल मालेन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। यह विला की प्रतियोगिता में तीसरी जीत रही।



**राजनीतिक विवाद और सुरक्षा तनाव:**

विला पार्क में यह मैच राजनीतिक विवादों का केंद्र बन गया था क्योंकि मकाबी तेल अवीव के प्रशंसकों को स्टेडियम में आने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने मैच को ह्लहाई-रिस्कह्व बताया और पिछले वर्ष एम्स्टर्डम में मकाबी और अजाक्स के बीच हुए हिंसक घटनाक्रम का हवाला दिया। इस प्रतिबंध की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सहित कई लोगों ने आलोचना की और इसे ह्लगलत निर्णयह्व बताया।

**प्रदर्शन और गिरफ्तारियां:**

मैच से पहले लगभग 200 प्रदर्शनकारी, जिनमें ह्लपैलेस्टाइन सॉलिडैरिटी कैंपेनह्व के सदस्य भी शामिल थे, विला पार्क के पास इकट्ठा हुए। उन्होंने फि लिस्तीनी झंडे और बहिष्कार के बैनर लहराए और गाजा के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक 21 वर्षीय युवक जो मास्क हटाने के आदेश का पालन नहीं कर रहा था, और एक 17 वर्षीय किशोर जिसने डिस्पर्सल ऑर्डर नहीं माना, शामिल था। मौके पर पुलिस ने इजराइली झंडा लहराने पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कॉर्डन बनाया।

किक-ऑफ से पहले पाँच वाहनों पर लगे इलेक्ट्रॉनिक बिलबोर्ड एंटीसेमिटिज्म (यहूदी-विरोध) के खिलाफ संदेश दिखा रहे थे।

**अन्य मैच परिणाम:**

नॉटिंघम फॉरेस्ट का मैच स्टर्म ग्राज के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ रहा।
मॉर्गन गिब्स-व्हाइट ने पेनल्टी मिस की।
नए मैनेजर शॉन डाइश के तहत टीम लगातार दूसरी जीत दर्ज नहीं कर सकी।
मिड्ट्ज़िलैंड ने सेल्टिक को 3-1 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान बनाए रखा।
मार्टिन एर्लिक, मिकेल गोगोरजा, और डजु फ्रांकुलिनो ने गोल किए।
रियो हाताते ने सेल्टिक के लिए पेनल्टी से एकमात्र गोल किया।
रोमा ने रेंजर्स को 2-0 से हराया।
मटियास सॉले और लॉरेन्जो पेलेग्रिनी ने गोल दागे।
रेंजर्स चारों मैच हारकर तालिका में सबसे नीचे है।
रियल बेटिस ने ल्यों को 2-0 से हराकर पहली हार दी।
जेंक ने ब्रागा को 4-3 से हराकर चौंकाया।
यूट्रेख्ट और पोर्टो का मैच 1-1 से बराबर रहा।
साल्जबर्ग ने गो अहेड ईगल्स को 2-0 से हराया।
सेल्टा वीगो ने डिनामो जाग्रेब को 3-0 से हराया।
फ्राइबर्ग ने नीस पर 3-1 से जीत दर्ज की।
स्टुटगार्ट ने फेएनोर्ड को 2-0 से हराया। पीएओके ने यंग बॉयज को 4-0 से मात दी।
कॉन्फ्रेंस लीग:
माइन्ज ने फिओरेंटीना को 2-1 से हराया – यह मैच फिओरेंटीना के नए अंतरिम कोच डेनिएले गल्लोप्पा के कार्यभार संभालने के बाद पहला था।
क्रिस्टल पैलेस ने एजेड अल्कमार को 3-1 से हराया, जिसमें इस्माइला सार ने दो और मैक्सेंस लाक्रुआ ने एक गोल किया।



# एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी बनेंगी अगली 'नागिन, 2016 का याद किया वो पल

**अभिनेत्री** प्रियंका चाहर चौधरी टेलीविजन शो 'नागिन' के आगामी सीजन 7 में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के सीजन फिनाले के दौरान सलमान खान के सामने उन्हें शो की मुख्य भूमिका के रूप में घोषित किया गया था। यह वही मंच है जिसने प्रियंका को सीजन 16 में शीर्ष तीन फाइनलिस्ट में से एक चुनकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलाई थी। यह पल पुरानी यादों और जादू से भरा था, उस शो में वापसी जिसने उन्हें घर-घर में मशहूर बना दिया था, अब उन्हें भारतीय टेलीविजन की सबसे प्रतिष्ठित भूमिकाओं में से एक के लिए चुना गया है। प्रियंका चाहर चौधरी ने कहा कि मुझे आज भी 'बिग बॉस 16' का वह पल याद है, जब एकता मैम ने कहा था कि उन्हें अपनी अगली 'नागिन' मिल गई है और उनका यह वादा निभाना और मुझे इस विरासत के लिए चुनना वाकई एक सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से मानना ??रहा है कि कुछ भूमिकाएं एक अभिनेता से एक चरित्र से अधिक होने की मांग करती हैं। वे आपकी ताकत, आपकी सीमा और आपकी भावना को चुनौती देती हैं और यह मेरे लिए बिल्कुल वैसा ही है। नागिन ब्रह्मांड का प्रभार लेना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे बनाए रखने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करूंगी। सलमान सर और लाखों दर्शकों के सामने नागिन के रूप में प्रकट होना भाग्य की योजना से कम नहीं लगता। मैं निर्माताओं की बहुत आभारी हूं। दर्शकों को लुभाते हुए दस साल पूरे करने के बाद, नागिन भारतीय टेलीविजन की सर्वश्रेष्ठ फैंटेसी फ्रैंचाइजी के रूप में अपनी बादशाहत बरकरार रखे हुए है। 2015 में अपनी शुरुआत के बाद से इस कल्ट शो ने मौनी रॉय और अदा खान से लेकर तेजस्वी प्रकाश तक, टेलीविजन की प्रमुख अभिनेत्रियों को अपनी पहचान दिलाई है। अब जैसे-जैसे यह विरासत आगे बढ़ रही है, प्रियंका नई नागिन रानी के रूप में सिंहासन पर आसीन हो रही हैं और नागिन जगत को उसके अब तक के सबसे रोमांचक अध्याय में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 'नागिन 7' का प्रीमियर जल्द ही कलर्स और जियो हॉटस्टार पर होने वाला है।

# अंगोला के खिलाफ दोस्ताना मैच के लिए लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की टीम में शामिल

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा) :** इंटर मियामी के स्टार फॉरवर्ड लियोनेल मेसी और उनके साथी रॉड्रिगो डी पॉल को अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ियों को अगले हफ्ते अंगोला के खिलाफ होने वाले दोस्ताना मैच के लिए चुना गया है। अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने 14 नवंबर को होने वाले इस फ्रेंडली मुकाबले के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेसी की टीम इंटर मियामी इस समय एमएलएस कप प्लेऑफ के पहले राउंड में है, जहाँ उनका मुकाबला नैशविल एफसी से चल रहा है। दोनों टीमों ने शुरूआती दो मुकाबलों में एक-एक जीत हासिल की है, जबकि निर्णायक तीसरा मैच शनिवार को फोर्ट लॉडरडेल में खेला जाएगा। यदि इंटर मियामी जीत दर्ज करता है, तो ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल 22 या 23 नवंबर को शुरू होंगे। मेसी और डी पॉल दोनों ने अक्टूबर में अर्जेंटीना की ओर से दो फ्रेंडली मैच खेले थे। उस दौरान मेसी ने एक मैच में भाग लिया था जबकि डी पॉल ने दोनों मुकाबले खेले थे – ये मैच वेनेजुएला और प्यूर्टो रिको के खिलाफ हुए थे। कोच स्कालोनी ने इस बार अर्जेंटीना की घरेलू लीग प्रिमेरा डिवीजन के खिलाड़ियों को नहीं चुना है क्योंकि वहां के मैच नवंबर की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान भी जारी रहेंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल



संघ के अध्यक्ष क्लाउडियो टापिया ने ईएसपीएन से कहा, ह्लहमने स्कालोनी से बात की और सुनिश्चित किया कि अर्जेंटीनी क्लबों के वे खिलाड़ी जो क्लाउसुरा टूनामेंट के निर्णायक मुकाबले खेल रहे हैं, उन्हें इस बार नहीं बुलाया जाए। वहीं, एस्टन विला के गोलकीपर एमिलियानो ह्लडिबूह्व मार्टिनेज को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है। मेसी, जो इस सीजन में एमएलएस गोल्डन बूट विजेता और एमवीपी (मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर) के प्रबल दावेदार हैं, को लीग के बेस्ट कमें भी चुना गया है। उन्होंने इस सीजन में 29 गोल और 19 असिस्ट किए – यानी कुल 48 गोल योगदान, जो 2019 में कार्लोस वेला के 49 के रिकॉर्ड से बस एक कम है।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स: सबालेंका ने मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**रियाद :** विश्व नंबर–1 आर्यना सबालेंका ने धीमी शुरूआत के बावजूद शानदार वापसी करते हुए मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ को 7–6(5), 6–2 से हराया और सीजन-एंडिंग डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने जेसिका पेगुला के लिए भी अंतिम–चार में जगह सुनिश्चित कर दी। तीन साल पहले फाइनल तक पहुंच चुकी बेलारूस की सबालेंका इस टूनामेंट में अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। उन्होंने स्टेफी ग्राफ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और अब उनका सामना अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनीसिमोवा से होगा, जो यूएस ओपन फाइनल की पुनरावृत्ति होगी। वहीं, अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला का मुकाबला फॉर्म में चल रहीं कजाख खिलाड़ी एलेना राइबाकिना से होगा, जिन्होंने सेरेना विलियम्स ग्रुप से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सर्व पहले मैच में पेगुला के खिलाफ हार के बाद से ही चिंता का विषय था, लेकिन सबालेंका के खिलाफ उन्होंने आक्रामक रिटर्न गेम से शुरूआत करते हुए ब्रेक हासिल किया और 4–2 की बढ़त बनाई। हालांकि, सबालेंका ने महत्वपूर्ण मौकों पर ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए मैच में वापसी की और 5–5 पर स्कोर बराबर किया। पहले सेट के टाईब्रेक में उन्होंने जबरदस्त फाइट दिखाते हुए जीत दर्ज की और फिर दूसरे सेट में 4–0 की बढ़त बनाकर मुकाबले पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। 27 वर्षीय सबालेंका ने अंत में शानदार अंदाज में मैच अपने नाम किया और खिताब की ओर एक कदम और बढ़ाया।



# अल्लू अर्जुन को 'मोस्ट वर्सेटाइल एक्टर ऑफ द ईयर' का मिला

## DPIFF 2025 में किया गया सम्मानित

**अवॉडसाउथ** स्टाइलिश स्टार अल्लू अर्जुन को दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में सम्मानित किया गया। अल्लू को 'मोस्ट वर्सेटाइल एक्टर ऑफ द ईयर' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अल्लू अर्जुन ने दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में 'मोस्ट वर्सेटाइल एक्टर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड जीता। यह सम्मान उनकी शानदार एक्टिंग और सिनेमा में योगदान के लिए दिया गया।

### कब किया गया सम्मानित

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 समारोह 30 अक्तूबर 2025 को मुंबई के स्ड्क्क्स्टेडियम में हुआ। अल्लू अर्जुन ने इस सम्मान के लिए आयोजकों और अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'यह अवॉर्ड मेरे फैंस के लिए है। आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है।'

### अल्लू को पहले मिल चुका है SIIMA अवॉर्ड

इससे पहले, अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा 2: द रूल' के लिए साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स 2025 और गद्दार तेलंगाना फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था। 'पुष्पा 2: द रूल' 2024 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना, फहद फासिल, जगपति बाबू, सुनील और राव रमेश ने भी अहम भूमिका निभाई थीं।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, मैट हेनरी की वापसी

**वेलिंगटन, :** तेज गेंदबाज मैट हेनरी की न्यूजीलैंड वनडे टीम में वापसी हुई है। वे हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए अंतिम दो वनडे मैचों से पिंडली की चोट (कैल्फ स्ट्रेन) के कारण बाहर थे। हेनरी इस समय पुनर्वास कार्यक्रम से गुजर रहे हैं ताकि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें। वहीं, ब्लेयर टिकनर ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बरकरार रखी है। 32 वर्षीय टिकनर ने दूसरे और तीसरे वनडे में लगातार ह्लप्लेयर ऑफ द मैचह्व पुरस्कार जीते थे। उन्होंने दो मैचों में 12.25 की औसत से 8 विकेट हासिल किए। यह सीरीज से पहले 2023 के बाद उनका पहला वनडे प्रदर्शन था।
हालांकि, न्यूजीलैंड की चोटों की सूची लगातार लंबी होती जा रही है। टीम के प्रमुख खिलाड़ी – मोहम्मद अब्बास (पसलियां), फिन एलन (पैर), लॉकी फर्ग्यूसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), विल ओह्लरूर्क (पीठ), ग्लेन फिलिप्स (जांघ), और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) – सभी चोट के कारण अनुपलब्ध रहेंगे। वहीं, कप्तान केन विलियमसन को चयन के लिए नहीं माना गया है क्योंकि वे 2 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुटे हैं। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने हेनरी की वापसी और टिकनर के प्रदर्शन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, ह्लमैट हमारे तेज आक्रमण के सीनियर लीडर हैं, इसलिए उन्हें टीम में वापस देखना शानदार है। वे अब पूरी तरह ताजगी और फिटनेस के साथ लौटेंगे और सफेद व लाल गेंद से अगले पांच हफ्ते हमारे लिए बेहद अहम होंगे।

# बिहार में एनडीए की 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी सरकार : जेपी नड्डा

– विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहा, जनता इसका जवाब दे रही– विपक्ष के डीप स्टेट और वोट चोरी के आरोप जनता समझ चुकी है : जेपी नड्डा

एजेंसी

**पटना :** बिहार में पहले चरण के मतदान के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए की संभावित जीत पर भरोसा जताया और विपक्ष पर तीखा हमला किया। नड्डा ने कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत और जनता की स्पष्ट चुनावी पसंद एनडीए की सरकार के लिए मजबूत संकेत हैं।

**प्रो-इनकंबेंसी का वोटिंग पैटर्न**

जेपी नड्डा ने गुरुवार को एक चैनल पर इंटरव्यू में कहा कि मैं पहले भी आश्वस्त था और पहले चरण के मतदान के बाद बिल्कुल आश्वस्त हूं कि एनडीए 160 प्लस सीटों के साथ सरकार बनाएगा। बिहार में कहीं भी एंटी इनकंबेंसी का संकेत नहीं है। जनता विकास, स्थिरता और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में मतदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने अपनी आशाओं और एस्पिरेशन को वोट के माध्यम से स्पष्ट किया है। लोग चाहते हैं कि बिहार में स्थिर सरकार बने, विकास हो और मोदीजी के आशीर्वाद का फायदा बिहार को मिले। यही कारण है कि हाई वोटिंग प्रतिशत देखा गया। यह स्पष्ट प्रो-इनकंबेंसी वोट है। 300 करोड़ रोजगार के वादों को बताया हास्यास्पद और लास्ट मिनट का प्रयास नड्डा ने महागठबंधन और तेजस्वी यादव के 300 करोड़ रोजगार के वादों को 'लास्ट मिनट का प्रयास' करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता इसे गंभीरता से नहीं ले रही। महागठबंधन के नेता समय-समय पर वादे करते हैं, लेकिन उनकी क्रेडिबिलिटी कमजोर हो चुकी है। जनता जानती है कि यह वादे हास्यास्पद हैं और इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।



## विकास और स्थिरता के पक्ष में बिहार, यही हमारी जीत की गारंटी

जेपी नड्डा ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में चुनाव चुनौतीपूर्ण हो सकता है,लेकिन सभी वर्गों का वोट एनडीए को मिल रहा है। ओवैसी का असर सीमित है और एनडीए को समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हमने पूरी ताकत और तैयारी के साथ चुनाव लड़ा है। पहले चरण के मतदान के बाद भी एनडीए की ताकत और समर्थन पहले जैसे मजबूत है। बिहार के लोग विकास और स्थिरता के पक्ष में हैं और यही हमारी जीत की गारंटी है।

### एनडीए की जीत को कोई प्रभावित नहीं कर पाएगा

नड्डा ने भरोसा जताया कि चुनाव में कोई बागी या नाराज कैंडिडेट एनडीए की जीत को प्रभावित नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता स्पष्ट और सुदृढ़ वोटिंग कर रही है, जिससे एनडीए को स्थिरता और विकास के साथ बिहार सरकार बनाने का मौका मिलेगा।

### राहुल गांधी ने विदेश में जाकर भारत की संस्थाओं के खिलाफ समर्थन मांगा

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने विपक्षी नेताओं और राहुल गांधी के डीप स्टेट और वोट चोरी के आरोपों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं और कानून को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता इसे समझ चुकी है। इन्होंने विदेश में जाकर भारत की संस्थाओं के खिलाफ समर्थन मांगा। यह बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार है।

**उस समय स्टेट मशीनरी लॉ एंड ऑर्डर में लिप्त थी**

नड्डा ने जंगलराज के दौर को याद करते हुए कहा कि उस समय स्टेट मशीनरी लॉ एंड ऑर्डर में लिप्त थी। मुकामा हत्याकांड, शिल्पी गौतम केस जैसे उदाहरण हैं, जहां राजद नेताओं का नाम सामने आया। उस समय केसों को दबाया गया और राज्य प्रशासन इन घटनाओं में शामिल था। उन्होंने कहा कि अब ऐसी कोई स्थिति नहीं है। आज बिहार में कानून और व्यवस्था पूरी तरह लागू है। मुकामा हत्याकांड में दोषियों को गिरफ्तार किया गया। कोई भेदभाव नहीं, कोई समझौता नहीं। राज्य प्रशासन पूरी तरह निष्पक्ष है।

**एनडीए की रणनीति और भविष्य की तैयारी**

नड्डा ने कहा कि एनडीए ने टिकटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में पूरी तैयारी की है। कुछ बागी या नाराज कैंडिडेट्स हो सकते हैं, लेकिन उनका असर हमारी जीत पर नहीं पड़ेगा। बिहार की जनता स्पष्ट और सुदृढ़ वोटिंग कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि एनडीए 160 प्लस सीटों के साथ जीत हासिल करेगा और सरकार विकास, रोजगार और स्थिरता के मुद्दों पर काम करेगी। बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार बनेगी, एनडीए नेतृत्व पर जनता का भरोसा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने विकास और स्थिरता के पक्ष में वोट किया है। हाई वोटिंग प्रतिशत ने स्पष्ट प्रो-इनकंबेंसी का संदेश दिया है। विपक्ष के वादे और क्रेडिबिलिटी कमजोर हैं। एलजेपी और वीआईपी का असर सीमित हैं। कानून-व्यवस्था पूरी तरह लागू है। एनडीए को सभी वर्गों का व्यापक समर्थन है। 160 प्लस सीटों के साथ एनडीए सरकार पक्की है। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी तैयारी और जनता का समर्थन सुनिश्चित कर रहा है कि बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार बने। जनता ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि विकास और भरोसेमंद नेतृत्व ही उनकी प्राथमिकता है।

## उत्तर भारत से चली बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में बढ़ाई सर्दी, फतेहपुर में पारा 7.5 डिग्री



एजेंसी

**जयपुर :** उत्तर भारत से चल रही बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में सर्दी का असर अचानक बढ़ा दिया है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान में भारी गिरावट आ गई है। सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में पहुंच गया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रहेगा, लेकिन सर्द हवाओं के चलते तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट संभव है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम तापमान सीकर जिले के फतेहपुर में 7.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जहां गुरुवार को पारे में 5.8 डिग्री की गिरावट आ गई। नागौर में न्यूनतम तापमान 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सुबह के समय सीकर में हल्की धुंध भी छाई रही। गुरुवार को इस सीजन में पहली बार ऐसा हुआ जब प्रदेश के सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। बाड़मेर में 18.2, जैसलमेर में 17.5, फलोदी में 18.2, जोधपुर में 13.7, बीकानेर और श्रीगंगानगर में 14.2, उदयपुर में 14, सीकर में 11, पिलानी में 11.6, जयपुर में 16.7, अजमेर में 13.7, कोटा में 17.8 और अलवर में 14.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। उत्तर से आ रही ठंडी हवा का असर दिन में भी रहा। अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिली। बाड़मेर में दिन का सबसे अधिक तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि अधिकांश शहरों जैसे अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा, टोंक, अलवर, सीकर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और नागौर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक सुबह और शाम की सर्दी में इजाफा हो सकता है।

बिहार के वोटिंग उत्साह ने दुनिया का खींचा ध्यान

# देश की राजनीति और आगामी चुनावों के समीकरण बदलने के संकेत

– भारत के राजनीतिक नक्शे पर असर डालने वाला है बिहार, 64.66 प्रतिशत मतदान के साथ रचा इतिहास

एजेंसी

**पटना :** भारत के राजनीतिक नक्शे पर हमेशा असर डालने वाला बिहार 2025 के पहले चरण के विधानसभा चुनाव में 64.66 प्रतिशत मतदान के साथ इतिहास रच गया । यह वृद्धि न केवल राज्य की राजनीति को हिला रही है बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक राजनीतिक विश्लेषकों की भी निगाहें इस पर टिकी हुई हैं।

**इतिहास दोहरा रहा है अपने रंग, बदलेंगे राजनीतिक समीकरण**

इतिहास में जब भी बिहार में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ (1990, 1995 और 2000 में), तब राज्य की सत्ता या तो बदल गई या फिर खिचड़ी नतीजे सामने आए। इस बार भी पहली बार इतनी बड़ी भागीदारी ने एनडीए और महागठबंधन दोनों के लिए रणनीतिक चुनौती पैदा कर दी है। राजनीतिक विशेषज्ञ सुरेन्द्र अग्निहोत्री और प्रो. रविकांत पाठ मान रहे हैं कि बिहार के चुनाव परिणाम अन्य राज्यों में आगामी



विधानसभा और लोकसभा चुनावों की दिशा भी तय कर सकते हैं।

**ह्यसिक्रेट वोटरह्ल की बिहार चुनाव में निर्णायक भूमिका**

महिला मतदाता लगातार बढ़ रही भागीदारी के साथ निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन्हें ह्यसिक्रेट वोटरह्ल बताया है। एनडीए उम्मीद कर रही है कि महिला सशक्तिकरण योजनाओं और रोजगार पैकेज का लाभ उन्हें चुनावी मोर्चे पर मिलेगा। जबकि महागठबंधन युवाओं और महिलाओं को अपने पक्ष में करने के लिए रणनीति पर जोर दे रहा है।

**राष्ट्रीय और वैश्विक राजनीति में भारत के लोकतंत्र की ताकत**

राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र की मानें तो बढ़ा मतदान केवल बिहार का नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति पर असर डाल सकता है। एनडीए या महागठबंधन की बढ़त या पराजय राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक समीकरणों, नीति निर्माण और आगामी लोकसभा चुनाव पर असर डाल सकती है। वैश्विक स्तर पर यह दशार्ता है कि भारत का लोकतंत्र जीवंत है और मतदाता सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। राजनीतिक रणनीति में नया मोड़, अन्य राज्यों के लिए साफ संदेश बढ़ी हुई मतदान भागीदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। चुनावी विशेषज्ञ मान रहे हैं कि बिहार की इस सक्रियता से राज्य और राष्ट्रीय नेताओं की रणनीतियों में बदलाव आएगा।

**भारत के लोकतंत्र की मजबूती का उदाहरण**

विश्व के राजनीतिक विश्लेषक भी इसे भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का उदाहरण मान रहे हैं। यह दशार्ता है कि बड़े लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भागीदारी न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक राजनीति को प्रभावित कर सकती है। दूसरे चरण के मतदान से बिहार का प्रभाव पूरे देश पर, राजनीतिक दल चौकस 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा। अगर यही उत्साह और भागीदारी बनी रहती है तो बिहार की जनता देश के राजनीतिक भविष्य और अन्य राज्यों की रणनीतियों को भी प्रभावित कर सकती है। राजनीतिक दल अब पूरे भारत में अपनी रणनीति को संशोधित करने के लिए चौकस हो गए हैं।

# धमतरी: धान कटाई में आई तेजी, मजदूरों की बढ़ी मांग

एजेंसी

**धमतरी :** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के ग्रामीण अंचल में इन दिनों तेजी से खरीफ धान फसल की कटाई-मिंजाई चल रही है। जिन खेतों में पानी जमा है, वहां पर हार्वेस्टिंग मशीन नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में किसान मजदूरों के सहारे धान की कटाई करा रहे हैं। गांव में मजदूरों की पूछ-परख बढ़ गई है। मौसम खुलने के बाद धान कटाई में तेजी आ गई है। इन दिनों मजदूरों की पारिश्रमिक 170 से 200 रुपये के बीच चल रही है। किसान क्लब देमार के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ने बताया कि हार्वेस्टिंग मशीन से धान कटाई का प्रति घंटे 28 सौ तीन हजार रुपये चल रहा है। सप्ताहभर के बाद कार्य में तेजी आएगी। किसान व मजदूर व्यस्त हो जाएंगे। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी ब्लाक में करीब एक लाख



हेक्टेयर क्षेत्र से अधिक रकबा पर जिले के किसानों ने अर्ली वेरायटी के धान फसल खेतों पर ली है, जो इन दिनों खेतों में तैयार हो रही है। किसानों ने अपने धान फसल की कटाई-मिंजाई शुरू कर दी है। जिले के अधिकांश गांव में धान फसल की कटाई-मिंजाई चल रही है। गांव में हार्वेस्टर व ट्रेक्टर-ट्राली की मांग बढ़ गई है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से होगी। धान खरीद के लिए मुश्किल से सप्ताह भर का समय बचा है। देरी से बुआई करने वाले किसान चिंतित है। अभी भी उनकी धान फसल पककर तैयार नहीं हुई है। उधर धान फसल की कटाई-मिंजाई शुरू होते ही बाजार में बारदाना की मांग बढ़ गई है। बाजार में भी खरीद-बिक्री शुरू हो गई है। जरूरतमंद किसान बारदाना को स्टाक करके रखे हुए है। वहीं चावल दुकानों से बारदाना धान खरीदी के लिए शासन स्तर से एकत्रित किया जा रहा है, ताकि इसका उपयोग धान खरीदी के समय किया जा सके। प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि किसानों के प्रति हमारी जवाबदेही है। प्रशिक्षण में ण्अधिकारियों को धान उपार्जन नीति 2025-26 की विस्तृत जानकारी बिंदुवार दी गई। इसमें विशेष रूप से इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की कार्यप्रणाली, गेट पास व्यवस्था, गणना योग्य स्टैकिंग, पर्याप्त मात्रा में त्रिपाल की उपलब्धता, टोकन ह्यतुहर हाथह्ल ऐप के माध्यम से निर्गत करने की प्रक्रिया एवं किसानों की सुविधा के लिए प्रचार-प्रसार की व्यवस्था पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीद प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी नोडल अधिकारी खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करें। उन्होंने निर्देश दिए है कि प्रत्येक शनिवार को नोडल अधिकारी अपने-अपने खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, जिससे स्थल पर समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके।

## रायपुर : मुख्यमंत्री साय आज वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर तीन बड़े आयोजनों में होंगे शामिल

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शुक्रवार को ह्लवंदे मातरम्ह्व की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दिनभर राजधानी रायपुर और नवा रायपुर में उनका कार्यक्रम व्यस्त रहेगा।मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री साय आज सुबह 9:30 बजे सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास से प्रस्थान कर 9:55 बजे मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर पहुंचेंगे। यहां 10:00 से 11:00 बजे तक ह्लवंदे मातरम् 150वीं वर्षगांठह्व के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे 11:10 बजे मंत्रालय से प्रस्थान कर 11:15 बजे डीएसपीएम-आईआईआईटी, नया रायपुर पहुंचेंगे, जहां ऱमेक इन सिलिकॉन - स्वदेशी सेमीकंडक्टर अवसंरचना को सक्षम बनाने पर राष्ट्रीय संगोष्ठीऱ में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम 12:15 बजे तक चलेगा। मुख्यमंत्री इसके उपरांत 12:25 बजे श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर, सेक्टर-24, नवा रायपुर पहुंचेंगे, जहां 01:25 बजे तक छत्तीसगढ़ राज्य



अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पूरे देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। आज शुक्रवार को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा।

न्यूज IN ब्रीफ

### बलरामपुर : तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा

**बलरामपुर :** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अर्टिका कार ने एक साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक उछलकर सड़क पर जा गिरा। पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। चश्मदीदों के अनुसार कार काफी तेज रफ्तार में थी और चालक ने सामने साइकिल सवार को देखने के बावजूद वाहन की रफ्तार कम नहीं की। कुछ ही सेकंड में साइकिल को टक्कर मारते हुए युवक सड़क किनारे जा गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे उठाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ने आज शुक्रवार को बताया कि, मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित या उसके परिजन आवेदन देते हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि साइकिल सवार सड़क पार कर रहा था, तभी हादसा हुआ। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मार्ग अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है। उन्होंने प्रशासन से इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को टाला जा सके।

### प्रयागराज: अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

**प्रयागराज :** उप्र के प्रयागराज जिले में स्थित करछना थाना क्षेत्र में भड़ेवरा बाजार के समीप गुरुवार रात अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे में एक वृद्ध और ट्रैक्टर चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलो को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। हादसे में मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। यह जानकारी शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त करछना अरुण कुमार त्रिपाठी ने दी। एसीपी करछना ने बताया कि हादसे में करछना थाना क्षेत्र के मड़वा गांव निवासी बृजेश कुमार उर्फ सरदार 25 वर्ष पुत्र राकेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हुई है। जबकि हादसे में कोरांव थाना क्षेत्र के बिसरी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक सुरेश पुत्र गुलाब शंकर और करछना थाना क्षेत्र के भुण्डा गांव निवासी गिरधारी लाल यादव 65 वर्ष ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने हादसे में घायल गिरधारी लाल यादव एवं ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। हादसे में मृत युवक के परिजनों की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टीम ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने ले गई।

### फर्जी भूमि मुआवजा घोटाले में संलिप्तता के लिए दस आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**श्रीनगर :** सरकारी विभागों में वित्तीय धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने अनंतनाग में एक फर्जी भूमि मुआवजा घोटाले में संलिप्तता के लिए दस आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इस घोटाले में भूमि अधिग्रहण के लिए निर्धारित सरकारी धन को अवैध रूप से प्राप्त करने के लिए जाली राजस्व अभिलेखों का इस्तेमाल किया गया था। एक बयान में अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के साथ धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी आरपीसी के तहत एफआईआर संख्या 12/2015 में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निरोधक, अनंतनाग की अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। बयान में कहा गया है कि अनंतनाग जिले में फर्जी भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक फर्जी मुआवजे के मामले में संलिप्तता के लिए दस आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया है। यह मामला गैर-मौजूद लाभार्थियों के पक्ष में मुआवजे की राशि के फर्जी वितरण से संबंधित है जिनकी भूमि को वेरीनाग-कोकरनाग रोड, बटागुंड के निर्माण के दौरान सरकार द्वारा गलत तरीके से अधिग्रहित दिखाया गया था। आगे कहा गया कि जाँच के दौरान यह पाया गया कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों (तत्कालीन तहसीलदार डूरू, तत्कालीन नायब तहसीलदार डूरू, तत्कालीन गिरदावर डूरू और तत्कालीन पटवारी डूरू) ने निजी व्यक्तियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर मुआवजे की राशि के अवैध वितरण को सुगम बनाने के लिए राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी और जालसाजी की। गलत तरीके से मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए आधिकारिक अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टियाँ की गईं जिससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और जनता का विश्वास कम हुआ। गहन जाँच और साक्ष्य एकत्र करने के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने न्यायिक निर्णय के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष आरोप-पत्र दायर किया है। बयान में कहा गया है कि अपराध शाखा कश्मीर लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने और आर्थिक अपराधों में शामिल सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है।

### रायपुर : छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव आठ को नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में होंगे शामिल

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव कॉनक्लेव में भाग लेने आज शुक्रवार को रात दस बजे नियमित विमान से नई दिल्ली के रवाना होंगे। वे रात 11:50 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। वे 8-9 नवम्बर को सवेरे साढ़े नौ बजे से नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में भागीदारी करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार का केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय 8 नवम्बर और 9 नवम्बर को आयोजित इस कॉनक्लेव में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ शहरी विकास के विभिन्न आयामों और टिकाऊ विकास पर मंथन करेगा।

### मप्र: भोपाल के शौर्य स्मारक में 150 कलाकार करेंगे वंदे मातरम समवेत गायन

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुक्रवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सुबह 8:30 बजे भोपाल के शौर्य स्मारक में वंदे मातरम 150वाँ स्मरणोत्सवह्लह्ल का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद 150 कलाकारों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का समवेत गायन होगा। जनसम्पर्क अधिकारी अनुराग उइके ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर शौर्य स्मारक से मैराथन का आयोजन प्रातः 8:30 तक किया जायेगा। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम में पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही परिसर में एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वंदे मातरम् और स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## पलामू पुलिस ने सुलझाया मर्डर, बिजली कनेक्शन विवाद में हुई थी हत्या



**पलामू:** जिला में छतरपुर थाना क्षेत्र के बाघामारा में 6 जून 2020 को सीता भुईयां नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। सीता भुईयां की हत्या कर शव को रोड के किनारे फेंका गया था। पलामू पुलिस ने सीता भुईयां हत्याकांड का पांच वर्षों के बाद हत्या की गुत्थी सुलझाई है।

पलामू पुलिस ने हत्या के आरोप में सीता के गांव के रहने वाले चितरंजन यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। चितरंजन यादव राजनीतिक रसूख वाला व्यक्ति है और पहले भी अपहरण के आरोप में जेल जा चुका है। छतरपुर के थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि चितरंजन यादव ने सीता भुईयां नामक व्यक्ति के घर के बगल में जमीन खरीदा था। जमीन खरीदने के बाद वह उसमें खेती करना चाहता था।

चितरंजन सिंचाई के लिए अपनी जमीन पर मोटर लगाना चाह रहा था। चितरंजन जिस जमीन से बिजली का कनेक्शन अपने खेत तक ले जाना चाहता था वह जमीन सीता भुईयां की थी। चितरंजन कनेक्शन को लेकर लगातार सीता को समझा रहा था लेकिन सीता उसकी बात मानने को तैयार नहीं था। पांच वर्ष पूर्व वारदात के दिन (6 जून 2020) के दिन सीता अकेले था। इसी का फायदा उठाकर चितरंजन ने गला दबाकर उनकी हत्या कर दी और शव को रोड के किनारे फेक दिया।

छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पूरे मुकदमे के अनुसंधान के दौरान चितरंजन के बारे में साक्ष्य मिले थे और वह फरार चल रहा था। पुलिस से पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए चितरंजन को गिरफ्तार किया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मुकदमे के अनुसंधान में सब-इंस्पेक्टर सुशील उरांव, अनिल कुमार रजक, घनश्याम मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर रफ़्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ अभियान शुरू

चतराः सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय की ओर से रफ़्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान 3 नवंबर से 7 नवंबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जा रहा है।अभियान के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद यादव, मोटरयान निरीक्षक तथा परिवहन विभाग की टीम द्वारा बस, ऑटो, मैजिक, टेम्पो समेत अन्य सवारी एवं निजी वाहनों में प्रतिबंधित रफ्तार और सुरक्षित ड्राइविंग संबंधी संदेशों से युक्त स्टिकर व बैनर लगाए जा रहे हैं। साथ ही माइकिंग के माध्यम से आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी लगातार की जा रही है।अभियान के दौरान ड्राइवरों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, ओवरलोडिंग से बचने, नाबालिग चालक पर पूर्ण प्रतिबंध तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने जैसे विषयों पर विस्तार से जागरूक किया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद यादव ने बताया कि सड़क पर लापरवाही किसी की भी जान ले सकती है। वाहन चालक सावधानी बरतें, गति सीमा का पालन करें और ट्रैफिक नियमों का सदैव सम्मान करें। जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। आगे कहा अभियान के दौरान जहां लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। हमारा उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना एवं सुरक्षित यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। अभियान के प्रति लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है तथा परिवहन विभाग उम्मीद जता रहा है कि जागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

## गलत आरोप लगाकर जेल भेजने से ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश

**चतराः** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के मंधनियां गांव के प्रज्ञा केंद्र संचालक पिंटू विश्वकर्मा के ऊपर नक्सल गतिविधियों में संलिप्त होने का गलत आरोप लगाकर जेल भेजे जाने को लेकर सैकड़ो आक्रोशित ग्रामीण गोलबंद हो गए।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस जब वास्तविक मुजरिमों तक नहीं पहुंच पा रही है तो कड़ी मेहनत और समाज सेवा करने वाले बेगुनाहों को साजिश के तहत फंसाकर जेल भेजने का कार्य कर रही है जो बेहद शर्मनाक है।ग्रामीणों का कहना है कि पिंटू 15 वर्षों से ट्यूशन पढ़ाकर,कपड़ों का दुकान एवं साइकिल मोटरसाइकिल बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था लेकिन साजिश के तहत पुलिस के द्वारा बिना जांच पड़ताल किए उग्रवादी गतिविधियों में शामिल होने, रंगदारी वसूलने एवं लेवी मांगने जैसे मामले को दर्ज कर पिंटू को जेल भेजा गया है। इस घटना के पीछे कोई बड़ी साजिश है।वरीय पुलिस पदाधिकारियों को गहनता से इसकी जांच करनी चाहिए। इधर पिंटू के परिजनों ने बताया कि पुलिस ने उसपर माओवादी का पर्चा छापने का आरोप लगाया है परंतु पिंटू के द्वारा बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी पर्चा किस कारण से और किस स्थिति में छापा गया इस वास्तविकता की जांच के लिए पुलिस के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस पिंटू को 2 नवंबर को दोपहर दो बजे उठा कर ले गई थी और 5 नवंबर तक गुम रखा।वहीं एफआईआर कॉपी में पुलिस ने चार तारीख को पिंटू की गिरफ्तारी की बात कही है।इधर पिंटू की मां ने बताया कि मोबाइल वापस करने की बात कह कर पुलिस मुझसे शादा पेपर पर अंगूठे का निशान ले लिया और गलत तरीके से मुझे ही केस का साक्षी बना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार समर्पण नीति और पुलिस पब्लिक सामंजस्य के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है वहीं पुलिस के द्वारा इस प्रकार गलत तरीके से बेगुनाहों को फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया जाएगा तो पुलिस के ऊपर हम ग्रामीण कितना भरोसा करेंगे। पुलिस की ऐसी कार्यशैली के कारण लोग निश्चित गलत दिशा में कदम बढ़ाएंगे और अपराध को बढ़ावा मिलेगा।इसलिए हम ग्रामीण वरीय पुलिस पदाधिकारी से गुहार करते हैं की निष्पक्ष जांच करते हुए पिंटू के ऊपर लगे उग्रवाद के कलंक को बरी करके पुलिस के प्रति विश्वास को कायम रखें।इधर कुछ महिलाओं नें बताया कि गुरूवार की शाम एएसआई सुनिल कुमार मंधनियां पहुँचकर पींटू के घर का फोटो ले रहे थे।इसी बीच पींटू की वृद्ध मां रोते गिडगिडाते हुए आई तो धमकी देते हुए सुनिल कुमार नें अभद्र शब्दों में कहा कि ज्यादा ड्रामा बाजी करेगी तो केश करके तुमको भी जेल भेजेंगे।पुलिस के ऐसे रवैये से महिलाओं में भी बेहद आक्रोश है।

# कल्पना सोरेन ने थामी प्रचार की कमान घाटशिला में झामुमो के लिए मांगे वोट

संवाददाता

**घाटशिला/पूर्वी सिंहभूम :** जिला में झामुमो की ऐतिहासिक जनसभा में जनसैलाब उमड़ा। झामुमो के प्रति लोगों में अभूतपूर्व उत्साह दिखा। इस चुनाव प्रचार में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ, सांसद जोबा मांझी सहित कई दिग्गज नेताओं की मौजूदगी रही।

गंधनिया हाट मैदान में झामुमो का जमावड़ा

गंधनिया हाट मैदान में झामुमो की ऐतिहासिक जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। चुनावी मंच पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। इस सभा में मंत्री दीपक बिरुआ, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, विधायक सविता महतो, पूर्व विधायक सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, दिवंगत विधायक स्व। रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमोनी सोरेन और पार्टी प्रत्याशी सोमेश सोरेन सहित कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।



चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं ने झारखंड की तस्वीर बदल दी है। स्व. रामदास सोरेन एक समर्पित और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि थे, जिनकी विकास की विरासत आज भी जनता के दिलों में जीवित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके पुत्र सोमेश सोरेन उसी मार्ग पर चलते हुए घाटशिला की जनता की सेवा करेंगे।

इस सभा को संबोधित करते हुए झामुमो की स्टार प्रचारक सह विधायक कल्पना सोरेन ने मंच पर उपस्थित सभी नेताओं, सुरक्षा कर्मियों और हजारों की संख्या में आए जनसमूह का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि स्व। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और स्व। रामदास सोरेन के निधन से झारखंड ने अपने दो पुरोधा खो दिए हैं। ऐसा लगता है मानो भगवान ने गुरु और शिष्य दोनों को किसी विशेष कारण से अपने पास बुला लिया हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस विधानसभा का दायित्व एक युवा, कर्मठ और जनप्रिय नेता सोमेश सोरेन को सौंपा है। जो अपने पिता के प्रतिबिंब बनकर जनता के सुख-दुख में साथ रहेंगे।

कल्पना सोरेन ने महिलाओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज झारखंड की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह की सहायता देकर उन्हें सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया है। इस सभा में उपस्थित भीड़ का उत्साह देखते ही बनता है।

## मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा ने लक्ष्य अग्रवाल को किया सम्मानित



ज्योति पाठक

**चाईबासा :** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की अध्यक्षा चंदा अग्रवाल एवं सदस्यों ने ऑल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 14 वां स्थान प्राप्त करने वाले युवा लक्ष्य अग्रवाल को उनके घर जाकर सम्मानित किया और बधाइयां दी, इस मौके पर लक्ष्य के माता-पिता ऋचा और राजेश अग्रवाल भी मौजूद थे, शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य की यह उपलब्धि हम सबके लिए बेहद महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि वह सी ए जैसी परीक्षा जिसमें लाखों विद्यार्थी भाग लेते हैं और चंद विद्यार्थी ही सफलता पाते हैं, जैसी कठिन परीक्षा में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान प्राप्त किया है, जिससे समाज के युवाओं और तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी, उन्होंने लक्ष्य की प्रशंसा करते हुए बताया कि वह अपने नाम के अनुरूप अपने लक्ष्य के प्रति बहुत ही गंभीरता से तैयारी कर रहा था और उसने कभी भी ऐसा प्रदर्शित नहीं किया कि वह इस स्थान को हासिल कर सकता है, उसका गंभीर और सरल स्वभाव और उद्देश्य के प्रति समर्पण भाव ने ही उसे सफलता की शिखर तक पहुंचाया है, हमें भरोसा है कि वह आने वाले समय में और भी कई सफलताएं हासिल करेगा और राष्ट्र की सेवा में समर्पित होगा।

लक्ष्य के माता-पिता ऋचा और राजेश अग्रवाल ने शाखा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष श्वेता जालान भी मौजूद थी।

धनबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध लॉटरी के साथ पांच गिरफ्तार

संवाददाता

**धनबाद :** पुलिस को प्रतिबंधित लॉटरी कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। अवैध लॉटरी की छपाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जंगलपुर गांव में पुलिस ने अवैध लॉटरी छपाई स्थल पर छापेमारी की और लॉटरी की छपाई करते रंगे हाथ 5 आरोपियों को दबोच लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहमद शाहिद, शाहरुख खान, अकबर अली, कैसर अंसारी और मोहमद जानू के रूप में हुई है। यह सभी देवघर जिले के निवासी हैं।



पुलिस ने करीब 60 लाख रुपये के लॉटरी टिकट जब्त किए

डीएसपी शंकर कामती ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोविंदपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 60 लाख रुपये के लॉटरी टिकट, 11 हजार 650 पार्सल प्लास्टिक पैक टिकट, दो लैपटॉप, तीन प्रिंटर, कई मोबाइल फोन, दो स्टेपलर मशीन और एक मोटरसाइकिल जब्त किया है।

छापेमारी में कई दस्तावेज और डिजिटल सबूत मिले

पुलिस के अनुसार, ये आरोपी बड़े स्तर पर अवैध लॉटरी टिकटों की छपाई, पैकिंग और सप्लाई का काम करते थे, जो विभिन्न जिलों में भेजे जाते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई दस्तावेज और डिजिटल सबूत भी मिले हैं, जिनसे इस अवैध कारोबार के नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है।

मुख्य सरगना की गिरफ्तारी अभी बाकी है

धनबाद पुलिस ने पूरे मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है। मुख्य सरगना की पहचान हो गई है और उसकी भी गिरफ्तारी जल्द होगी।

## हंटरगंज में बाबा जयगुरुदेव का निकला काफिला

संवाददाता

**चतराः** बिहार राज्य के सीमावर्ती हंटरगंज प्रखंड के गोसाईडीह से हंटरगंज बाजार में बाबा जय गुरुदेव का काफिला निकाला गया।काफिला का समापन एकतारा गांव के जय गुरुदेव आश्रम में हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस दौरान भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाबा के उत्तराधिकारी संत के आदेश से शुरू हुआ।संगत ने सभी गांवों में जाकर शाकाहार, सदाचार, मेहनत और ईमानदारी का संदेश दिया तथा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और गाय पर हो रहे अत्याचार को बंद करने का आह्वान किया। संत ने बताया कि यदि सभी लोग शाकाहारी हो जाएं तो समाज का कल्याण होगा।



## कुष्ठ रोगी खोज के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



संवाददाता

**कुष्ठ रोग से जुड़े अंधविश्वासों और भ्रांतियों को करें दूरः पीएमडब्ल्यू**

चतराः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हंटरगंज में प्रखंड क्षेत्र के 80 शिक्षकों को कुष्ठ रोगी खोज अभियान के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी वेद प्रकाश,प्रशिक्षक अरुण कुमार यादव, फर्मासिस्ट शिवेंदु वर्मा, और एमटीएस राजेश कुमार ने विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षकों ने बताया कि कुष्ठ रोग एक गंभीर परंतु पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है। इसके शुरूआती लक्षणों की पहचान कर समय पर उपचार शुरू किया जाए, तो रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों को बताया गया कि कुष्ठ रोग को लेकर सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय के बच्चों को जागरूक करें। साथ ही जागरुक करते हुए बच्चों से यह भी पूछा कि अगर इस तरह की लक्षण वाले कोई भी व्यक्ति दिखाई पड़े तो इसकी जानकारी शिक्षक को दे। उनका सर्वेक्षण करें, संभावित मरीजों की पहचान करने और उन्हें जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। पीएमडब्ल्यू ने शिक्षकों को कुष्ठ रोग के शुरूआती लक्षणों, जैसे त्वचा पर सुन्न धब्बे, गांठें और रंगहीन पैच की पहचान करने के तरीके बताया गया। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में कुष्ठ रोग से जुड़े अंधविश्वासों और भ्रांतियों को दूर करने और लोगों को जागरुक करते हुए यह रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है इसकी जानकारी देने को कहा। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के लगभग 80 शिक्षक मौजूद थे।

## अपहृत दो नाबालिग छात्राएं दिल्ली से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**गुमला :** दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण के मामले में गुमला पुलिस ने समस्तीपुर बिहार के चकमैसी मदनपुर निवासी विकास सिंह को दिल्ली के करोलबाग इलाके के टोडापुर दशघरा से गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने दोनों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया है। इसकी पुष्टि गुमला एसपी हारिश बिन जमां ने की है।



13 अक्टूबर को दर्ज हुई थी एफआईआर

गिरफ्तार युवक विकास सिंह के खिलाफ अपहरण और अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। एसपी हारिश बिन जमां ने बताया कि गुमला से दो नाबालिग छात्रा के गायब होने के मामले में उनके परिजनों ने अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए गुमला थाने में शिकायत की थी। आवेदन मिलने के बाद गुमला थाना में 13 अक्टूबर को बीएनएस की धारा 96 के तहत कांड संख्या 336 दर्ज किया था।

दिल्ली से दोनों नाबालिग छात्राएं बरामद

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी।पुलिस की स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक गौतम वर्मा, महिला आरक्षी सुचिता डुंगडुंग और परवेज अंसारी ने अनुसंधान शुरू किया। इनपुट मिलने के बाद पुलिस टीम दिल्ली के करोलबाग स्थित टोडापुर दशघरा पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से अपहत दोनों नाबालिग छात्रों के साथ एक युवक को हिरासत में लिया गया।

आरोपी ने स्वीकारा अपराध

हिरासत में लिए गए युवक ने अपना नाम विकास सिंह बताया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह पैनकरस ट्रवेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वर्ष 2013 से काम कर रहा है। वह अपने दोस्त अशोक यादव के कहने पर उसके ससुराल छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला के दुलुदुला करोना गांव गया था। वहां से नौ अक्टूबर को विकास सिंह, अशोक यादव और अविनाश नायक उर्फ अंकित तीनों छत्तीसगढ़ से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

रांची से दोनों लड़कियों को ले गए थे दिल्ली

रांची बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो में बैठे। ऑटो में दो लड़की पहले से बैठी हुई थी। दोनों को दिल्ली चलने की बात कही गई तो दोनों तैयार हो गईं। दोनों लड़कियों को अशोक के घर में उसकी पत्नी के साथ रखा गया, लेकिन अशोक ने दोनों लड़कियों को 20 से 30 हजार रुपये का प्रलोभन देकर काम बताया, लेकिन दोनों लड़कियों को काम अच्छा नहीं लगा। इसके बाद दोनों लड़कियों को विकास अपने साथ ले गया। बैचलर को कमरा नहीं मिलने के कारण विकास ने एक नाबालिग लड़की के मांग में सिंदूर भर दिया और पति-पत्नी बनकर एक कमरा लिया और सभी उसी में रहने लगे।